श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 221, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 10 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जी20: घोषणा-पत्र सहमति से पारित



## इस घोषणापत्र में नौ बार भारत का जिक्र किया गया

**नई दिल्ली**

**जी20 शिखर** सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली घोषणापत्र को आम सहमति से पारित कर दिया गया है। इसे देश की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस घोषणापत्र में नौ बार भारत का जिक्र किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन समिट से जुड़े घोषणापत्र पर आम सहमति हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहा, "हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और आप सभी के सहयोग के कारण नयी दिल्ली जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई है। यह मेरा प्रस्ताव है कि हमें वैश्विक नेताओं की इस घोषणा को स्वीकार करना चाहिए। मैं इस घोषणापत्र को स्वीकार करने की घोषणा करता हूं।" हम भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान स्टार्ट-अप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना और इसके जारी रहने का स्वागत करते हैं। हम 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी के प्रयासों की सराहना करते हैं। हम संसाधन दक्षता और परिपत्र अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन (आरईसीईआईसी) शुरू करने के लिए भारतीय अध्यक्षता को धन्यवाद देते हैं। हम पर्यावरण की दृष्टि से उचित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने, 2030 तक अपशिष्ट उत्पादन को काफी हद तक कम करने और शून्य अपशिष्ट पहल के महत्व को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भारतीय प्रेसीडेंसी के तहत तैयार "ऊर्जा संक्रमण के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण" पर रिपोर्ट और इसके अनुमान पर ध्यान देते हैं कि दुनिया को प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा के उच्च हिस्से के साथ 4 ट्रिलियन अमरीकी डालर से अधिक के वार्षिक निवेश की आवश्यकता है। ग्लोबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी (जीडीपीआईआर) के निर्माण और रखरखाव की भारत की योजना का स्वागत है, जो डीपीआई का एक आभासी भंडार है, जिसे स्वेच्छा से जी 20 सदस्यों और अन्य की ओर से साझा किया गया है। भारतीय प्रेसीडेंसी के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के प्रस्ताव पर ध्यान दिया गया जो क्षमता निर्माण के उद्देश्य से एक स्वैच्छिक पहल है, और एलएमआईसी में डीपीआई को लागू करने के लिए तकनीकी सहायता और पर्याप्त धन सहायता प्रदान करता है। हम जी-20 के उन सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हैं, जिन्होंने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त किया। अफ्रीका वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम नई दिल्ली में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी करने, प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत करने और जी-20 को मजबूत करने में बहुमूल्य योगदान के लिए भारत को धन्यवाद देते हैं। हम विभिन्न जी-20 कार्य समूहों और मंत्रिस्तरीय बैठकों के सफल समापन की सराहना करते हैं और उनके परिणामों का स्वागत करते हैं। हम 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफल लैंडिंग करने पर भारत को बधाई भी देते हैं।

**मेहमानों के स्वागत में दिखी हमारी सांस्कृतिक झलक**

नई दिल्ली में दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन का आगाज हो गया। जी20 समूह में शामिल देशों के राष्ट्राध्यक्ष, यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि और नौ मेहमान देशों के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए हैं। इसके अलावा कई वैश्विक संगठनों के प्रमुख भी इसमें शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में हो रहा है। जहां मेहमान इकट्ठा हुए हैं वहां भारत और इसके इतिहास का बोध कराने के लिए कई प्रतीकों को भी लगाया गया है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के नेताओं का स्वागत कर रहे थे, उस वक्त नटराज प्रतिमा, योग मुद्राओं से लेकर कोणार्क चक्र तक के दीदार इन नेताओं को हो रहे थे। कोणार्क चक्र के सामने ही खड़े प्रधानमंत्री मोदी इन नेताओं से मिल रहे थे।

**घेरंड संहिता के 32 योगासनों का दर्शनः** भारत की अध्यक्षता में हो रहे 18वें जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में बने भारत मंडपम हो रहा है। सुबह 10:30 बजे वैश्विक नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों का आयोजन स्थल भारत मंडपम पर आगमन होना शुरू हुआ। मेहमान जैसे ही भारत मंडप के अंदर आए तो उन्हें एक शानदार गलियारे से गुजरकर आयोजन स्थल पहुंचना था। मेहमान राष्ट्रीय झंडों के बीच लाल कालीन पर चले और दीवारों पर अंकित विभिन्न योग मुद्राओं को देखा। दीवार पर 32 अनिवार्य योग आसन प्रदर्शित थे जो कि घेरंड संहिता के 17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के पाठ से लिए गए थे।

## अफ्रीकी संघ के जी20 सदस्य बनने से द. अफ्रीका के राष्ट्रपति 'प्रसन्न'

**नई दिल्ली: अफ्रीकी** संघ ने शनिवार को जी20 देशों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, क्योंकि समूह ने उसे स्थायी सदस्य के रूप में स्वीकार किया। ऐसा तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 नेताओं को अपने उद्घाटन भाषण के दौरान अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी को उच्च मेज पर अपनी सीट लेने के लिए आमंत्रित किया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के एक्स पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, "अफ्रीकन यूनियन के साथ जी20 परिवार को मजबूत करने के साथ, हम ऐसी साझेदारियों को मजबूत करेंगे जो सर्वांगीण विकास को




प्राथमिकता देंगी, जिससे एक बेहतर ग्रह का निर्माण होगा।" इससे पहले रामाफोसा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमें खुशी है कि जी20 ने अफ्रीकी संघ को जी20 के सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया है। कोविड19 महामारी के मद्देनजर वैश्विक पुनर्निर्माण, निम्न-कार्बन, जलवायु लचीले, टिकाऊ समाजों में संक्रमण को तेज करने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। इस संकट के लिए सबसे कम ज़िम्मेदारी होने के बावजूद, विकासशील अर्थव्यवस्थाएं जलवायु परिवर्तन का खमियाजा भुगत रही हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी और अन्य विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के रूप में हमें गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण विकासात्मक चुनौतियों के बीच अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के कार्य का सामना करना पड़ता है।

जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय गिरावट, अस्थिर उपभोग और उत्पादन और संसाधनों की कमी ऐसी चुनौतियां हैं, जिन्हें केवल सामूहिक रूप से और बड़ी एकजुटता के साथ संबोधित किया जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका सतत विकास के लिए उन्नत और विस्तारित वैश्विक साझेदारी का आह्वान करता है। इसे विकास के लिए वित्तपोषण पर अदीस अबाबा एक्शन एजेंडा में उल्लिखित ठोस नीतियों और कार्यों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए।

## 2030 तक हम सतत विकास का लक्ष्य हासिल करेंगे: जयशंकर

**घोषणापत्र** की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि इस में एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के 60 शहरों में जी20 की बैठकें हुईं। 37 पन्नों के घोषणापत्र में यूक्रेन का चार बार जिक्र किया गया है। जयशंकर ने कहा कि 2030 तक हम सतत विकास का लक्ष्य हासिल करेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि जी-20 ने महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था की आवश्यकता को समझा है, जो पहले की व्यवस्था से अलग है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जी 20 ने भारत को दुनिया के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उल्लेख किया कि दिल्ली घोषणा में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति में तेजी लाने की योजना शामिल है।

## समिट के दौरान 21वीं सदी की चुनौतियों पर चर्चा की गई: वित्त मंत्री सीतारमण




**इस दौरान** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि समिट में 21वीं सदी के चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान वैश्विक समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैठक के दौरान क्रिप्टो के नियमन पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस बात पर चर्चा की गई कि कोई भी देश पीछे ना छूटे। इस दौरान ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। भारत की जी-20 अध्यक्षता जी-20 के इतिहास में सबसे महत्वाकांक्षी रही है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, "मुझे अच्छी खबर मिली है। हमारी टीम की कड़ी मेहनत के कारण, नई दिल्ली जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन घोषणा पर आम सहमति बन गई है। मेरा प्रस्ताव इस नेतृत्व की घोषणा को अपनाने का है। मैं इस घोषणा को स्वीकार करने की घोषणा करता हूं। इस अवसर पर, मैं अपने शेरपा, मंत्रियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और इसे संभव बनाया।

जी20 की भारतीय अध्यक्षता के दौरान 73 परिणामों (प्रयास की लाइनें) और 39 संलग्न दस्तावेजों (अध्यक्षता से जुड़े दस्तावेज, जिसमें कार्य समूह के परिणाम दस्तावेज शामिल नहीं हैं) को अंतिम रूप दिया गया है। इन 112 परिणामों और अध्यक्षीय दस्तावेजों के साथ, हमने पिछले अध्यक्षीय कालों की की तुलना में दोगुना परिणाम हासिल किया है। पिछले प्रेसीडेंसियों की तुलना में परिणामों और संलग्न दस्तावेजों की संख्या दो गुने से पांच गुना तक है। ऐसे में जी-20 की भारतीय अध्यक्षता सभी जी-20 प्रेसीडेंसियों में सबसे महत्वाकांक्षी और कार्रवाई-उन्मुख रही है।



## सर्वसमाज को जोडने के कार्य किए: सीएम गहलोत

**फलौदी/जोधपुर**

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के समाज कल्याणकारी अनुभवों से मिली सीख से ही जनसेवा के कार्य किए हैं। इनमें शेरगढ़ के पूर्व प्रधान स्व. कल्याण सिंह राठौड़ से भी सीखने को मिला है। अब ग्राम चौरडिया में उनकी प्रतिमा भी नई पीढियों को सेवा भाव, संस्कार, संस्कृति और परम्पराओं के लिए प्रेरित करती रहेगी। गहलोत शनिवार को नवसृजित फलौदी जिले के चौरडिया गांव में स्व. कल्याण सिंह राठौड़ की प्रतिमा अनावरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. राठौड़ 37 साल तक शेरगढ़ के प्रधान और 15 साल तक उपजिला प्रमुख रहे। उन्होंने जीवनभर क्षेत्र विकास, शिक्षा को बढ़ावा देने और सर्वसमाज को जोडने के कार्य किए। उन्होंने हमेशा जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाई। अब उनका परिवार भी जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज में महिलाओं को दिए आरक्षण से उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

**इस वर्ष 01 जनवरी से 07 सितंबर तक जापानी इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया व मलेरिया से एक भी मृत्यु नहीं,**

## हर अस्पताल के लिए नियुक्त करें नोडल अधिकारी, : सीएम

**लखनऊ**

**प्रतिवर्ष** अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। आगामी अक्टूबर माह से इसका नवीन चरण प्रारंभ होना है। इसमें सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। हमारे सामने अपना इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे। आज हर जिले में डेंगू जांच की सुविधा है। 15 नवम्बर तक का समय संचारी रोगों की दृष्टि से हमारे



लिए संवेदनशील है। हाल के दिनों में गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, मुरादाबाद जनपद डेंगू से प्रभावित रहे हैं। बुलंदशहर व संबल में डेंगू आउटब्रेक की स्थिति भी देखी गई। जबकि बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, हारदोई बदायूं, पीलीभीत और संभल में मलेरिया का असर रहा है। इसी तरह, प्रयागराज, कानपुर नगर, बाराबंकी, कुशीनगर, संत कबीरनगर, सहारनपुर व बस्ती में चिकनगुनिया की दृष्टि से संवेदनशील हैं। इन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में इंसेफेलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी। 50 हजार बच्चों की मौत हुई। 2017 में हमने अंतर्विभागीय समिति बनाई, सभी विभागों ने मिलकर काम किया। अस्पताल बनवाये, पीकू बनवाये, चिकित्सक तैनात किये। साथ-साथ पीने के साफ पानी और शौचालय की व्यवस्था भी कराई।

## मप्र: अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना

**भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। मंत्रि-परिषद ने जहां अतिथि शिक्षकों के मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव के साथ ही 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना' को मंजूरी दी है। यह योजना पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मे होगी। जिन्हें पीएम आवास योजना में मकान नहीं मिल पाए, उन्हें इस योजना के तहत मकान दिए जाएंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहले ही यह घोषणा कर दी थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित रह गए व्यक्तियों को आवास दिए जाएंगे। वहीं, बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र क्षेत्र में 435 नए पद भरे जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रि-परिषद ने अतिथि शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## डिफेंस व इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की एनवॉयरमेंट मॉनिटरिंग कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ**

**प्रदेश के** औद्योगिक विकास के साथ ही औद्योगिक अवसंरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं को भी पूर्ण करने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। ऐसे में, औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होने से पर्यावरण को किसी प्रकार की क्षति न हो और एयर, वॉटर व सॉयल टेस्टिंग व मॉनिटरिंग की निरंतर प्रक्रिया सुचारू रूप से काम करे इस उद्देश्य पर भी योगी सरकार का फोकस है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लखनऊ, कानपुर व अलीगढ़ में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में एयर क्वॉलिटी, नॉइज, ग्राउंड वॉटर क्वॉलिटी, सॉयल क्वॉलिटी व ग्राउंड वॉटर लेवल मेजरमेंट जैसे पैरामीटर्स की रेगुलर



मॉनिटरिंग के लिए लैब्स को क्रियान्वित किया जाएगा। इस क्रम में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा लखनऊ, कानपुर व अलीगढ़ नोड्स में मुख्यतः 5 मानकों की रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल), पर्यावरण-वन और जलवायु मंत्रालय (एमओईएफ) व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से संबद्ध लैबोरेट्रीज से टेंडरिंग प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन मांगे हैं। 11 सितंबर को आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी जिसके बाद चयनित लैब लखनऊ, कानपुर व अलीगढ़ में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में एयर क्वॉलिटी, नॉइज, ग्राउंड वॉटर क्वॉलिटी, सॉयल क्वॉलिटी व ग्राउंड वॉटर लेवल मेजरमेंट जैसे पैरामीटर्स की रेगुलर मॉनिटरिंग के दायित्व का वहन करेगी।

**एक साल के लिए होगा कॉन्ट्रैक्टः** यूपीडा द्वारा जारी की गई टेंडरिंग प्रक्रिया के अनुसार 11 सितंबर को आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

## एनआईए ने माओवादियों के आठ ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय जां**च एजेंसी (एनआईए) ने अगस्त महीने में विस्फोटकों की बरामदगी से जुड़े एक मामले में शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ ठिकानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। यह जानकारी एनआईए ने शनिवार को यहां जारी एक वक्तव्य में दी। एनआईए ने बताया कि चेरला ड्रोन मामले में जारी जांच के तहत एजेंसी ने शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने तेलंगाना के वारंगल में पांच स्थानों, भद्राद्री और कोठागुडेम में दो स्थानों तथा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक स्थान




पर छापेमारी कर आरोपितों के परिसरों की तलाशी ली। यहां से कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। लंबे समय तक केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के कथित उद्देश्य के साथ विभिन्न प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल। वामपंथी चरमपंथी संगठन सीपीआई (माओवादी) को रसद समर्थन प्रदान करने में आरोपितों की भागीदारी को उजागर करने के लिए इन उपकरणों और दस्तावेजों की विस्तृत जांच चल रही है।

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**मेजा।** एक्सीडेंट में घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान हास्पिटल में मौत हो गई। मृतक बुजुर्ग का शव जब घर पहुंच तो परिजनों में कोहराम मच गया।बता दे कि मेजा थाना क्षेत्र के जानकीगंज बंधवा गांव निवासीअहमद अली ( 28 )अगस्त की दोपहर पैदल घर जा रहा था जैसे ही वह बंधवा हनुमान मंदिर के समीप पहुंचा ही थी कि पीछे से आ रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया था।दुर्घटना में बाइक सवार व साथ में रही उसकी मां तथा बुजुर्ग तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों घायलो को हास्पिटल में इलाज के लिए भिजवाया था। जहां बुजुर्ग का अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुजुर्ग अहमद अली की मौत हो गई। बुजुर्ग का शव जब घर पहुंचता तो परिजनों में कोहराम मचा गया।

# बाप-बेटे की एक साथ चिता जलते ही गमगीन हुआ माहौल

● उरुवा के श्रमिक की झांसी में हुई थी मौत, समाचार सुनते ही पिता की भी हो गई मौत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** झांसी के बीएसएनल टावर की रंगाई-पुताई करने चढ़ा युवक हादसे का शिकार हो गया था। पैर फिसलने से कमर में बंधी पुरानी सेफ्टी बेल्ट टूट जाने से श्रमिक जमीन पर गिर गया। सिर में गंभीर चोट देख श्रमिक साथी इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस मनहूस घटना की जानकारी उरुवा के पसियान बस्ती पहुंची तो कोहराम मच गया। पुत्र की मौत की खबर सुनते ही सदमे में पिता की भी मौत हो गई। जिससे परिवार में एक साथ हुई दो मौत से परिजन चीख पुकार करने लगे। शोरगुल सुन आस पड़ोस के लोगों की भीड़ जुट गई। पसियान बस्ती के लोगों ने बताया कि श्रमिक का शव झांसी से घर के लिए चल चुका है। उरुवा के पसियान बस्ती निवासी मोनू भारतीया 27 वर्ष पुत्र मंगल प्रसाद अपने साथी के साथ झांसी के फ्लेरा के पास चरी गांव में स्थित बीएसएनएल टावर पर रंगाई पुताई का काम कर रहा था। सुबह 8:00 के लगभग वह अपने साथी के साथ टावर की रंगाई करने चढ़ा तो पैर फिसल जाने से कमर में बंधा पुराना सेफ्टी बेल्ट टूट गया जिससे मोनू सीमेंट के जमीन पर सिर के बल गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। मोनू के मौत की खबर साथियों ने घर उरुवा गांव दी तो रोना पीटना मच गया। परिवार के लोग शव लेने के लिए झांसी रवाना हो गए हैं। दिवंगत की पत्नी सीमा व बेटियों व बेटों का रो-रुट-रोटी बुरा हाल है। शुक्रवार की शाम को जैसे ही मोनू का शव घर पहुंचा तो परिवार में एक साथ हुई दो-दो मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया। शनिवार सुबह सिरसा के छतवा गंगा घाट पर पिता पुत्र की एक साथ चिताएं जली।मोनू के घर पर एक ओर खुशी का माहौल था, क्योंकि 15 दिन पहले ही उसकी पत्नी सीमा ने एक बेटे को जन्म दिया था। इस मौके पर मोनू घर नहीं जा पाया था। अभी उसने अपने बेटे का मुंह भी नहीं देख पाया था कि हादसे में उसकी जान चली गई। मोनू को तीन बेटी और दो बेटे है। मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

### शोक सभा कर ब्रह्मलीन स्वामी रंग रामानुजाचार्य को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** ककरा दुबावल स्थित प्रयागराज के तीर्थ स्थलों में प्रसिद्ध महर्षि दुवार्सा आश्रम को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले जगतगुरु त्रीडंडी स्वामी रंग रामानुजाचार्य के ब्रह्मलीन होने पर संत समाज एवं अनुयाईयों तथा शिष्यों में शोक की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र के बिगहिया गांव में श्री राम जानकी सत्संग प्रचार मंडल विगहियां प्रयागराज के संस्थापक आचार्य पंडित ओम प्रकाश शास्त्री सहित अन्य धमार्चार्यों ने शोक सभा आयोजित कर ब्रह्मलीन त्रीडंडी स्वामी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर आचार्य ओम प्रकाश ने कहा स्वामी जी जीवन पर्यंत सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करते रहे तथा भावी पीढ़ी के बच्चों में कर्मकांड, धर्म ग्रंथ अध्ययन के साथ बच्चों को योग विद्या की तरफ अध्ययन के लिए प्रेरित करते रहे। उन्होंने कहा ऐसे परम दिव्य एवं प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि स्वामी जी ने सन्यास धारण करने के बाद 1972 में दुवार्सा आश्रम आकर ब्राह्मण बटुकों के लिए एक संस्कृत पाठशाला का स्थापना किया। शोक सभा में पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा, आचार्य दिनेश चन्द्र तिवारी, पंडित विनोद पांडे, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, कृष्णानंद मिश्रा, नागेंद्र प्रसाद उपाध्याय, मुन्ना मिश्रा, राम सजीवन शुक्ला, प्रदीप कुमार मिश्रा आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### इमाम हुसैन की याद में मनाया गया चहल्लुम

**कोरांव में चहल्लुम पर्व पर ताजिये जुलूस व अलम की रही धूम नौहाखानी व मातम, लुटाए गए लंगर**



**कोरांव।** पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत मुहर्रम चालीसवें दिन उनकी याद में शोक, सब्र व शांति त्याग बलिदान के पर्व चहल्लुम की मुस्लिम बस्तियों में रही धूम, इमाम की याद में अजादारों एवं शैदाइयों ने फातिहा नियाज लँगर बांटा और ताजिये का जुलूस निकालकर हक हुसैन या हुसैन के नारों और सुन्नी इस्लामी परंपरा को निभाते हुए मातम नौहा पढ़कर गम मनाया गया। हजरत हुसैन की शहादत की याद में सुन्नी परंपरा के मानने वालों ने चहल्लुम पर्व पर कस्बा कोरांव समेत सभी मुस्लिम बस्तियों में मजलिस सजाई और हुसैन के कसीदे पढ़े साथ में जिक्र ए सोहदाए कर्बला आयोजित किये गए जलसे किये गए। कपुरी, बड़ोखर, छड़ीगड़ा, महुली, देवघाट, गोबरी खजुरी, कोसफरा, सीकी, लेडियारी बजार, खीरी, अमिलिया, अल्हवा, संसारपुर, हनुमानगंज, पैतिहा, झलमल, सेमरिहा, कूदर, कोइलरिहा, आदि गांव की मुस्लिम बस्तियों में ताजिया बनाई गई और इमाम की याद में ताजिये का जुलूस निकालकर चहल्लुम पर्व मनाया और ढोल नगाड़े मातम करते हुए ताजिया का मिलन किया गया । वर्षों से चली आ रही ताजिया बनाकर जुलूस निकालकर चहल्लुम मनाने की परंपरा को हुसैन के अनुयायियों ने जुलूस के शक्ल बनाकर ताजिया मिलन स्थल पर चहल्लुम मेला आयोजित किया गया और अजादारों द्वारा ताजिये का फूल कर्बला में दफन किया गया इमामबाड़े सजाकर चमकाए गए और ताजिये के फूल कर्बला में दफन किये गए। थाना पुलिस कोरांव पूरी तरह से चौकन्ना नजर आयी शांति पूर्वक जूलूस निकलवाने में ताजियादारों व इमाम के कर्बला शैदाइयों की मदद की।

### गैंगरेप का नामजद अभियुक्त नारीबारी रोड से गिरफ्तार



**बारा/शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने सामूहिक बलात्कार के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एसओ मनोज कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ नारीबारी-शंकरगढ़ रोड से की है। एसओ ने बताया कि आरोपी पिछले तीन बरस से फरारी काट रहा था। शनिवारको सटीक मुखबिरी पर उसे धर दबोचा गया। एसओ ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले की एफआईआर 13 अक्टूबर, 2021 को धारा 376डी, 506 के तहत दर्ज की गई थी। इस मामले में सुशील पुत्र रंजीत आदिवासी (ग्राम झंझरा चौबे, शंकरगढ़) को नामजद किया गया था। इस एफआईआर के दर्ज होने के बाद नामजद आरोपी लगातार फरारी काट रहा था। फरारी काट रहे सुशील के खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया था। शनिवार को पुख्ता जानकारी के आधार पर झंझरा चौबे में नारीबारी-शंकरगढ़ रोड पर घेराबंदी कर सुशील पुत्र रंजीत आदिवासी कोधर दबोचा गया। विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी का चालान भेज दिया गया है।

### विकास कार्यों की समीक्षा की आहट से चलाया स्वच्छता अभियान



**करछना।** विकासखंड करछना में विकास कार्यों की समीक्षा की आहट से शनिवार को दिनभर ब्लॉक परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान बताया जाता है कि विकासखंड करछना में के पंचायत में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ-साथ सरकारी धन का सही ढंग से उपयोग ग्राम पंचायतों में किया गया है कि नहीं इसी के मद्देनजर कार्यों की समीक्षा को लेकर ब्लॉक में कमिश्नर द्वारा कार्यों का मुआयना करने की आहट से जागे ब्लॉक कर्मियों ने सबसे पहले फाइलों को दुरुस्त करने के साथ-साथ ब्लॉक परिसर में व्याप्त गंदगी को दूर करने के लिए दर्जनों से अधिक गांव में तैनात सफाई कर्मियों को बुलाकर एडिओ पंचायत रमाकांत पांडे ने अपनी मौजूदगी में ब्लॉक के कोने-कोने ऑफिस एवं दफ्तरों में दिनभर झाड़ू चली साथ ही साथ ब्लाक परिसर में स्वच्छता अभियान के बाद तहसील परिसर में भी दिन भर सफाई अभियान चलाया गया।

# छात्र की हुई मौत पर परिजनों ने लगाया स्कूल पर लापरवाही का आरोप किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** कंचन इंटर कॉलेज बंधवा बाजार के गेट पर हाईस्कूल के एक छात्र की साइकिल से गिरने से मौत हो गई। स्कूल प्रशासन पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर शाम 6 बजे से ही बंधवा बाजार में सड़क जाम कर दिया खबर लिखे जाने तक जाम चल रहा है पुलिस शव को कब्जे मे नही ले पाई थी। सेमरहो गाँव निवासी हीरालाल सरोज का पुत्र आयुष सरोज 16 वर्ष कंचन इंटर कालेज बंधवा बाजार में हाईस्कूल मे पढता था शनिवार शाम स्कूल बंद होने पर वह साइकिल से घर लौट रहा था जैसे ही वह स्कूल की गेट पर पहुंचा तभी वह गिर गया जिस पर स्कूल प्रशासन ने परिवार के लोगो को सूचना दी मौके पर परिवार के लोग पहुंच कर घायल छात्र को इलाज के लिए सीएचसी मछलीशहर ले गये जहां चिकित्सक ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। नाराज परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा दिया परिजनों का आरोप है की छात्र बुखार से पीड़ित था स्कूल प्रशासन से छुट्टी मांगा था लेकिन उसे छुट्टी न देकर स्कूल मे खड़ा करा दिया गया था जिसके बाद छुट्टी होने पर उसकी तबियत बिगड़ गयी और गिरने से उसकी मौत हो गयी नाराज लोगों ने शाम 6 बजे बंधवा बाजार तिराहा पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया जिससे मछलीशहर- जंघई मार्ग व बंधवा बाजार- जमालापुर मार्ग पर जाम लग गया चक्का जाम करने वालों ने पुलिस प्रशासन के विरोध मे नारेबाजी किया। मौके पर मीरगंज, पंवारा, मुंगराबादशाहपुर, मछलीशहर थाने की फोर्स बुला ली गयी है।खबर लिखे जाने तक जाम जारी है पुलिस शव को कब्जे मे नही ले पाई है।

इस बावत प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह का कहना है की परिजनों द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गयी है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



### घूरपुर में तीन दिवसीय ध्यान योग शिविर संपन्न

**घूरपुर।** श्री राम चंद्र मिशन व हार्ट फुलनेश व भारत सरकार सांस्कृतिक कार्यक्रम के सयुक्त तत्वाध्वान में घूरपुर के इरादतगंज, पंवरी गांव में शनिवार के दिन तीन दिवसीय ध्यान व योग शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्थान के सदस्यों ने गांवों में जा जाकर लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और ध्यान योग के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षक विश्वनाथ राम ने कहा कि दिन का काम समाप्त करने के बाद शरीर के तन मन की सफाई की जानी चाहिए। कहा कि अच्छे बुरे दोनो संस्कारो को हमे योग ध्यान के जरिए साफ कर शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। शिव कुमार यादव ने बताया कि योग ध्यान द्वारा सफाई के बाद शरीर बहुत ही हल्का पन महसूस करता है। बताया कि किसी भी तरह का तनाव होने पर तुरंत पांच मिनट हर्टफुलनेश सफाई करने पर तनाव से छुटकारा मिल सकता है। बंदना तिवारी, दिलीप तिवारी, उमेश शुक्ला आदि प्रशिक्षकों ने योग ध्यान शिविर में लोगों को प्रशिक्षित किया।

# खेतों में लौटी रौनक, वज्रपात की चपेट में आई दुधारू भैंस

**शंकरगढ़।** मौसम की मार झेल रहे किसानों को भादौं की बरसात ने बड़ी राहत प्रदान की है। शनिवार को रुक-रुककर कई चक्र में हुई बरसात के दौरान वज्रपात भी हुआ, जिसकी चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। इस वर्ष मौसम का हाल बहुत ठीक नहीं रहा है। शुरूआत में किसानों को पानी मिला, लेकिन उसके बाद बादलों से आसमान खाली हो गया। हालांकि यदा-कदा छिटपुट बरसात से राहत मिलती रही, लेकिन धान की खेती के लिए जितनी मात्रा में बरसात होनी चाहिए थी, वह कभी नहीं हुई। इस दौरान किसानों ने किसी तरह खरीफ की फसलों जिंदा बचाए रखा। इधर, एक सप्ताह से मौसम में आए बदलाव ने एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की। धान की पीली पड़ रही पौध में फिर से हरियाली दिखने लगी है। फसलों की बढ़त को बनाए रखने और रोगों से बचाने के लिए किसान भाई भी यूरिया, जिंक के अलावा कीटनाशकों का छिड़काव करते दिख रहे हैं, साथ ही निराई भी जारी है। दूसरी तरफ शनिवार को हुई बरसात के दौरान वज्रपात से एक भैंस की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ क्षेत्र के विकास खंड शंकरगढ़ के ओसा गांव निवासी किसान महेंद्र सिंह दोपहर में अपनी भैंस को चराने ले गए थे। वापस लौटने के बाद खलिहान में एक पेड़ के नीचे भैंस बांध दी। इसी दौरान बरसात होने लगी और बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हो गई। जब तक महेंद्र सिंह कुछ समझ पाते, पेड़ के नीचे बांधी गई दुधारू भैंस के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भैंस की मौत से किसान के घर के लोग गमगीन हो गए। महेंद्र सिंह द्वारा इसकी सूचना तत्काल तहसील प्रशासन को दी गई। जिस पर हल्का लेखपाल ने आकर मौका मुआयना किया। पशु चिकित्सक ने भैंस का पोस्टमार्टम किया।

**आकाशीय बिजली से भैस की मौत, युवक झुलसा**

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अमरेहा गाँव में आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। अमरेहा गांव निवासी मनोज गोस्वामी खेत में अपनी भैस चरा रहा था। अचानक गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उसके चपेट में आने से भैस की मौत हो गई और भैंस चरा रहा युवक झुलस गया। परिजनों ने बताया कि जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है। वहीं आकाशीय बिजली गिरने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# पति की हत्या की साजिश रचने वाली पत्नी और हत्यारा दोस्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**बारा।** कोरांव के भरतीपुर के रहने वाले सोनू सिंह की हत्या के प्रकरण में शंकरगढ़ पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दोनों नागपुर भागने की फिराक में थे। इससे पहले ही पुलिस ने चाकघाट बार्डर से दोनों को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि सोनू सिंह की हत्या क्षेत्र के कोहड़िया जंगल में की गई थी। हत्यारों ने सोनू सिंह को पहले शराब पिलाई, उसके बाद ब्लेड से उसका गला रेत दिया और शव फेंक भाग निकले थे। इस मामले में एक हत्यारे ऊदल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को ग्राम कोहड़िया के जंगल में सोनू सिंह पुत्र अमर बहादुर का शव पाया गया था। इस मामले में अमर बहादुर की तहरीर पर धारा 302 के तहत दर्ज किया गया था। मामले की छानबीन में पता चला कि सोनू सिंह एनटीपीसी अंबेडकरनगर टांडा में मजदूरी करने के लिए बीते जून माह में गया था। चूंकि, सोनू के पास मोबाइल नहीं था। इस वजह से सोनू सिंह अपने मित्र ऊदल सिंह के मोबाइल से अपनी पत्नी रीता सिंह से बात करता था। इसी दौरान सोनू सिंह की पत्नी रीता सिंह और ऊदल सिंह के बीच बातचीत होने लगी और दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। पत्नी के अवैध संबंध की जानकारी होने पर पति सोनू सिंह ने इसका विरोध किया तो पत्नी और उसके प्रेमी ऊदल सिंह ने पति को ही रास्ते से हटाने का प्लान बना डाला। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पत्नी रीता ने अपने प्रेमी ऊदल के साथ हत्या की साजिश रची। ऊदल ने इसमें अपने दोस्त रामसायक को भी शामिल कर लिया



एक अभियुक्त ऊदल सिंह की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी, 25 अगस्त को कोहड़िया जंगल में मिला था सोनू सिंहका शव

और साजिश के तहत दोनों ने 21 अगस्त को भी हत्या की साजिश रची थी, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद ऊदल और रामसायक ने मिलकर प्लान बनाया और सोनू सिंह को लेकर एनटीपीसी अंबेडकरनगर टांडा से प्रयागराज ले आए। यहां शंकरगढ़ क्षेत्र के कोहड़िया जंगल के समीप सभी ने शराब पी। इसके पश्चात ब्लेड से सोनू का गला रेत दिया। एसओ ने बताया कि इस हत्याकांड का खुलासा ऊदल सिंह व रीता सिंह के फोन काल से हुआ। ऊदल सिंह को एक रोज पहले ही गिरफ्तार किया गया था। जबकि पत्नी रीता सिंह और रामसायक (ग्राम अल्हवा, कोरांव) को चाकघाट बार्डर से धर दबोचा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ के साथ एचसीपी राजेश सिंह यादव, रोहितकुमार, महिला कान्सटेबल डाली शामिल रहीं।

# विधुत विभाग के मास रेड में दर्जनों उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



**फूलपुर।** विधुत चोरी रोकने व विधुत लाईन हानि को कम करने के साथ ही बड़े बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई कराने के उद्देश्य से शनिवार को फूलपुर उपखंड के अधिकारी प्राजंल मिश्रा के नेतृत्व में चांदोपारा गांव सहित अन्य गांवों में मास रेड आयोजित किया गया। मास रेड के दौरान उपखण्ड अधिकारी प्राजंल मिश्रा व अवर अभियंता अशोक कुमार ने टीम के साथ 35 उपभोक्ताओं के परिसर में चेकिंग की। जहां विधुत उपयोग में अनियमितता पर 9 उपभोक्ताओं के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003/05 की धारा 135 के तहत प्राथमिक कार्रवाई की गई। वहीं 5 लोगों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई है। एसडीओ प्राजंल मिश्रा ने बताया की बकाया बिल न जमा होने पर किए गए विधुत विच्छेदन को बिना भुगतान किए ही कनेक्शन जोड़ लेने पर 6 उपभोक्ताओं के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया की चेकिंग अभियान के दौरान मीटरों की भी जांच की गई जहां कुछ मीटरों में नो डिस्प्ले होने के साथ ही कुछ मीटर्स खराब थे जिसे मौके पर ही बदल दिया गया। विद्युत बिल न जमा करने पर 7 विधुत कनेक्शन को विच्छेदित करने की भी कार्रवाई की गई। मौके पर पांच घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शन को कमर्शियल में परिवर्तित किया गया। उपभोक्ताओं से देशहित में विजली बचाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा की विधुत विभाग उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है जो की उपभोक्ताओं के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने विधुत चोरी पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा की जहां पर विधुत चोरी की शिकायतें मिल रही हैं वहां विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। मौके पर विधुत विभाग के अधिकारियों के साथ ही अन्य कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### कोरांव में क्लीनिक के नाम पर संचालित हो रहा अस्पताल किया गया सील

**सीएमओ के टीम की छापेमारी में उजागर हुई खामियां, पंजीकरण निरस्त**



**कोरांव।** कोरांव बाजार में क्लीनिक के नाम पर संचालित हो रहे अस्पताल को सीएमओ की टीम ने छापेमारी के दौरान खामियां मिलने पर सील कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि बाजार में आरती मेडिकेयर क्लीनिक नाम से पंजीकरण था जहां अस्पताल की तरह मरीज भर्ती मिले। जब पंजीकरण के बारे में जानकारी ली गई तो 2023 व 24 के लिए पंजीकरण का नवीनीकरण भी नहीं हुआ था। जब सीएमओ की जांच टीम ने नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज मांगे तो टाल मटोल किया जाने लगा। जिसके बाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पंजीकरण तीरथ लाल के नेतृत्व में पहुंची टीम की रिपोर्ट पर अस्पताल को सील करते हुए सीएमओ डॉ आशु पांडेय ने पूर्व के पंजीकरण को निरस्त कर दिया है। कोराव तहसील क्षेत्र में अब भी दर्जन भर से अधिक ऐसे क्लीनिक व अस्पताल तथा मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। जिनके पास ना तो पंजीकरण है न कोई डिग्री है। अगर इसकी सघन जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाए तो क्षेत्र में इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा और मनमाने तरीके से संचालित हो रहे अस्पतालों व क्लीनिकों पर नकेल कसेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे क्लीनिक व अस्पतालों तथा मेडिकल स्टरों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### सहकारिता से ही होगा किसानों का कल्याण



**मेजा।** सुहास ग्राम में बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान के तहत किसानों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पथरा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स)लैम्प्स लिमिटेड के सचिव प्रकाश नारायण पाण्डेय ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसमें किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विशेष महाभियान चलाकर सदस्य बनाया जा रहा है। जिस प्रकार से हरित क्रान्ति योजना के कारण किसानों ने अधिक अनाज उत्पादन करके देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान सुनिश्चित किया है,उसी प्रकार से किसानों को स्वावलंबी वआत्मनिर्भर बनाने के लिए पुनः शासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है । चौपाल में उपस्थित कृषक एवं पथरा समिति के डायरेक्टर गेंदालाल पाण्डेय, व पथरा समिति के कर्मचारी अनिरुद्ध प्रसाद, दिनेश पाण्डेय,विनय मिश्र के नेतृत्व में आयोजित संगोष्ठी में किसानों द्वारा अपनी समस्याओं को भी रखा गया जिसमें किसानों ने बताया कि बारिश देर से होने के कारण उत्पादन प्रभावित होगा तथा यदि किसानों का उत्पादन सरकारी समर्थन मूल्य पर नहीं बिकेगा तो नुकसान होगा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे नवाचारी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक कमलेश प्रसाद मिश्र ने बताया कि यदि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेना है तो किसानों को सक्रिय होकर शासन की मंशानुरूप अधिकतम संख्या में सदस्य बनना होगा। ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों में राजा पाण्डेय, भगवान प्रसाद, नन्दलाल, भरतलाल, शत्रुघ्न पाण्डेय,बैजलाल,अजय लाल, सोनू कुशवाहा, सुमंत लाल, राकेश पाण्डेय, पंकज कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों की रही भरमार

### नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने सुनी फरियादियों की शिकायतें



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** समाधान दिवस में जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों की भरमार रही। कहीं किसी का रास्ता बंद करने की शिकायत तो कहीं किसी के जमीन पर जबरन कब्जा करने तो कहीं कई महीनो से शिकायत के बाद भी हकबंदी व नाप पैमाइश न करने की सर्वाधिक शिकायतें की गई। गड़िया मुरलीपुर की एक पीड़ित वृद्ध महिला ने शिकायत दर्ज कराया कि बगैर नाप व पैमाइश के ही मेरे जमीन में जबरन पिलर गाड़ कर कब्जा किया जा रहा है। जिस पर नायब तहसीलदार विनोद सिंह ने खुद आकर मामले के निस्तारण की बात कही। इसी तरह पचेड़ा गांव के रहने वाले दयाशंकर प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव के दबंगो के द्वारा मेरी आबादी की पुश्तैनी जमीन जबरन कब्जा कर ली गई है। शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। थाना समाधान दिवस में अक्सर जमीनी विवाद से ही शिकायतें मिलती हैं। वही फरियादी बार-बार शिकायतें लेकर आते हैं। जिससे यह मालूम पड़ता है कि थाना समाधान दिवस हो या संपूर्ण समाधान दिवस सिर्फ कागजों पर चल रहे हैं। फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है। जिससे वही फरियादी बार-बार आते रहते हैं। समाधान दिवस में शिकायतों के निस्तारण के लिए नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने राजस्व टीम के साथ पुलिस की टीम गठित कर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

### नैनी कोतवाली में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**नैनी।** नैनी कोतवाली में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायते सुनी गई तथा समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस मौके पर एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव एवं नैनी थाना प्रभारी यशपाल सिंह एवं नैनी थाना अपराध निरीक्षक साजिद अली खा नैनी थाना के अंतर्गत समस्त चौकी इंचार्ज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को लेखपाल कानून को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गए।

# थाना समाधान दिवस में लेखपालों ने काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

**बहरिया में पुलिस द्वारा लेखपाल से अभद्रता व मारपीट करने का मामला**



**कोरांव रत्योरा।** बहरिया थाने में लेखपाल प्रेम चंद्र से पुलिस द्वारा की गई मारपीट व अभद्रता से नाराज लेखपालों ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। लेखपालो का कहना था कि जब तक बहरिया थाने के दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होगी हम लोग कार्य बहिष्कार करेंगे। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जिला इकाई प्रयागराज के आह्वान पर कोरांव तहसील के अध्यक्ष इंद्रेश कुमार व मंत्री राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इसी तरह तहसील कोरांव के खीरी में तैनात लेखपाल को धमकी देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिस मामले को लेकर की भी लेखपाल संघ इकाई कोरांव ने एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर धमकी देने वाले नंबर की जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। लेखपालों ने आरोप लगाया है कि खीरी थाने में तहरीर देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लेखपालों ने चेताया है कि अगर तहसील कोरांव व बहरिया थाने के मामले में शीघ्र विधिक कार्रवाई नहीं की गई तो उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जिला इकाई प्रयागराज के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लेखपाल हड़ताल पर जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन करने के दौरान लेखपाल मो0 रासीद ,अंकित कुशवाहा, सिंकज सिंह, देवराज सिंह, सहित राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सोमवार से न्यायिक कार्य पर लौटेंगे अधिवक्ता, 16 सितंबर से यूपी सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का एलान

**प्रयागराज।** हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के खिलाफ न्यायिक कार्य से विरत अधिवक्ता सोमवार से काम पर लौटेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन का भी ऐलान कर दिया है। बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने बताया कि 16 सितंबर को पूरे प्रदेश में अधिवक्ता जिला मुख्यालय पर और 20 अक्तूबर को विधानसभा का घेराव करेंगे। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के मामले में अधिवक्ता 29 अगस्त से न्यायिक कार्य से विरत चल रहे हैं। मामले में मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। यूपी सरकार की ओर से जांच के लिए रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है।

## कृष्ण जन्माष्टमी झांकी











# राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन संपन्न





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन में कुल 199902 वादों का रिकॉर्ड निस्तारण किया गया , वादकारियो में फैली रही खुशी । बता दें कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री संतोष राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया ।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 199902 वादों का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज के द्वारा 05 सिविल वाद निस्तारित किये गये । फौजदारी के कुल 25181 वादों का निस्तारण किया गया । पारिवारिक न्यायालय द्वारा कल 42 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया । मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी राम कुशल द्वारा 242 वादों का निस्तारण करते हुए 61953000 रुपए प्रतिकर प्रदान कराया गया । पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट रामकेश द्वारा 15 वादों का निस्तारण किया गया । चंद्रपाल द्वितीय, अपर जनपद न्यायाधीश ई.सी. एक्ट के द्वारा विद्युत के 420 मामलों का निस्तारण किया गया। दिनेश कुमार गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 11553 वाद, अमित कुमार रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1475 वाद, अभिषेक कुमार चतुर्थ, सिविल जज जूनियर डिवीजन 21 द्वारा 3147 वाद, सुश्री प्रियंवदा प्रियदर्शनी सिविल जज जूनियर डिवीजन 18 द्वारा 1963, संदीप सिंह द्वितीय, सिविल जज जूनियर डिवीजन 14 द्वारा 1906 वाद, श्रीमती दीक्षा वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा कुल 2100 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए । राजस्व न्यायालय के द्वारा कुल 131782 वादों का निस्तारण किया गया । बैंक के प्री लिटिगेशन के कुल 1470 मामले निस्तारित किए गए। रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी/ ए डीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया । यह जानकारी आलोक दूबे प्रभारी सचिव/ अज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा दी गई।

## एक इंच जमीन के विवाद में सगे भाई को छत से धकेला, नीचे गिरने से मौत

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव में भाई-भाई में एक इंच जमीन के विवाद को लेकर खासा हंगामा खड़ा हो गया। बेटों की बेरहमी से पिटाई को देखकर पिता व मां बीच बचाव करने पहुंचे तो सगे भाई व उसके लड़कों ने प्रकाश केसरवानी (55) को छत से नीचे धकेल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। मारपीट के दौरान प्रकाश के दो बेटे सौरभ और भेलू केसरवानी गंभीर रूप से जख्मी हो गए।चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए तो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।जहां पर दोनों की हालत स्थिर बनी हुई है। बताया गया कि प्रकाश केसरवानी व आरोपी सुभाष केसरवानी के बीच आए दिन जमीन को लेकर विवाद हुआ करता रहा। शुक्रवार की रात आरोपी गण द्वारा छत की रेलिंग का निर्माण कराया जा रहा था। एक इंच जमीन की दीवार प्रकाश केसरवानी की तरफ अधिक हो गई। जिसको लेकर खासा हंगामा खड़ा हो गया। जिसकी शिकायत कई बार पुलिस से भी की गई थी। पुलिस ने देर रात मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्कूल में कमिशनर ने खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की

### सीआईएसई रीजनल एथलेटिक चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का आयोजन





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट जॉन्स एकेडमी करछना प्रयागराज के परिसर में सीएससी रीजनल एथलेटिक चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि स्थानीय एथलेटिक्स मीट खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है जहां सभी शीर्ष खिलाड़ी अपनी दक्षता को प्रदर्शित करते हैं । यह एक उत्कृष्ट प्रयास है जिसका मुख्य उद्देश्य सभी खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है और उनकी क्षमताओं को विकसित करने का स्वर्णिम औसत प्रदान करना है । इस आयोजन का शुभारंभ 9 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे प्रयागराज के म्युनिसिपल कमिश्नर चंद्र मोहन गर्ग के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को संबोधित किया और उनका उत्साह वर्धन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस एथलेटिक्स मीट में आगरा, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, तथा प्रयागराज के क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के कुल 446 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 100 मी हीट्स, 400 मी हीट्स, 600 मी फाइनल, 800 मीटर फाइनल,1500 मीटर फाइनल, जैवलिन, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो एवं 5 किलोमीटर पैदल चलन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका समापन दिनांक 10 सितंबर 2023 को अपरण 1:00 बजे किया जाएगा और जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में विजयी घोषित हुए हैं हुए आगे नेशनल के लिए चयनित किए जाएंगे। अंत में प्रधानाचार्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ दिनांक 9 सितंबर के दिन के कार्यक्रम का समापन किया गया।



### स्थानीय लोगों द्वारा किया गया स्वागत समारोह का आयोजन

**सैदाबाद।** आज सैदाबाद सिरसा रोड स्थित ब्लाक के सामने त्रिपाठी मार्केट में युवा नेता एवं युवाओं के हृदय सम्राट उन्मुक्त त्रिपाठी के नेतृत्व में सैदाबाद के स्थानीय लोगों एवं शिक्षकों द्वारा उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू०मा०) शिक्षक संघ सैदाबाद के संयोजक (ब्लॉक अध्यक्ष) राम जी संतोषी एवं सहसंयोजक (ब्लॉक मंत्री) रामकृष्ण पांडेय को जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडे एवं जिला मंत्री राजेंद्र अनुरागी द्वारा मनोनीत किये जाने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें संयोजक एवं सह संयोजक द्वारा शिक्षकों को आश्वस्त किया गया कि शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। जिसमें सैदाबाद के महेश मिश्रा, श्याम बाबा मिश्रा सचिव जी अनूप मिश्रा,डब्बू शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, उमेश शुक्ला मनोज तिवारी एवं संरक्षक प्रदीप पांडेय अध्यक्ष प्राथमिक इंद्रेश तिवारी , शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी,सुरेश कांत पांडे,सतीश तिवारी, विनोद उपाध्याय, अर्जित दुबे, कमलाकर सिंह, अरविंद यादव आदि तमाम सम्मानित शिक्षक गण मौजूद रहे।


**आवश्यकता**

**मदरसा अरबिया शाहजहाँ 163 अकबरपुर, प्रयागराज में स0अ0 कनिष्ठ सहायक (लिपिक) का एक पद, पद रिक्त है। कनिष्ठ सहायक (लिपिक) हेतु शैक्षिक योग्यता (क) आमिल अथवा इण्टर अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र (ख) मौलवी स्तर का प्रमाण पत्र उर्दू /अरबी/फारसी सहित (ग) सी0सी0सी0 (कोसर्ट आफ कम्प्यूटर कन्सेप्ट) प्रमाण पत्र जो एन0आई0ई0एल0ई0टी0 (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी) द्वारा कम्प्यूटर आपरेशन में प्रदत्त हो और हिन्दी/अंग्रेजी में 25/30 शब्द प्रति मिनट टाइप की गति आवश्यक है। वेतनमान 21700-69100 लेविल-03 एवं अन्य भत्ते न्यूनतम आयु 18 वर्ष। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक योग्यताओ के साथ मदरसा उपरोक्त के पते पर प्राप्त करायें।**

**प्रबन्धक- मदरसा अरबिया शाहजहाँ**
**163 अकबरपुर, प्रयागराज**


# बच्चे को बुलाने पर विवाद, लाइसेंसी बंदूक से फायर, दोनों पक्षों से तीन लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** शनिवार सुबह लगभग 10 बजे बच्चों को बुलाने पर हुई कहा सुनी के बाद 40 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र बुधन तैश में आकर अपनी लाइसेंसी एक नली बंदूक से पड़ोसी दिनेश कुमार 35 बर्ष पुत्र रामचंद्र के ऊपर फायर कर दिया। गोली दिनेश की जांघ में लगी दिनेश घायल हो गया । दूसरे पक्ष से पहुंचे लोगों ने बंदूक छीन कर फायर किया तो संतोष का 25 वर्षीय बेटा मनीष भी गोली लगने से घायल हो गया। संतोष को लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया गया।सूचना पर पहुंची कौंधियारा पुलिस घायलो को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस बंदूक को कब्जे में लेकर दोनों पक्षों से पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। संतोष कुमार मूलरूप से थाना क्षेत्र के ओसा कुकुढी का रहने वाला है, विगत कुछ वर्षों से अतंरी खुर्द में मकान बना कर अपने एक भाई के साथ रह रहा है। संतोष का पिता एफसीआई में सर्विस करता था। दो भाई नैनी में रहते हैं। शनिवार को सुबह 10 बजे पड़ोसी दिनेश कुमार पुत्र रामचंद्र अपने बच्चों को बुलाया तो संतोष गाली देने लगा। दोनों के बीच हुई कहा सुनी के बाद दिनेश कुमार ने संतोष को दौड़ा लिया। संतोष अपने घर में घुस गया। दिनेश भी संतोष के घर में घुस गया तभी संतोष अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपने ही आंगन में दिनेश को गोली मार दी। गोली लगने से दिनेश घायल हो गया दिनेश के भाई ने सन्तोष की बंदूक छीन कर फायर किया तो संतोष का

**दोनों पक्ष से पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज**



बड़ा बेटा मनीष भी गोली से घायल हो गया। आक्रोशित दिनेश के स्वजनो ने लाठी डंडे से संतोष की पिटाई कर घायल कर दिया। गोली चलते ही दोनों परिवारों में अफरा तफरीर मच गई। गोली की आवाज एवं चीख सुन ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भेजा। एसीपी संत लाल सरोज, प्रभारी इंस्पेक्टर संजय द्विवेदी फोर्स के साथ घटनास्थल की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया है। दिनेश के भाई विजय बहादुर एवं संतोष के बेटे दूसरे बेटे आशीष की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जांच के लिए गठित की कमेटी

प्रयागराज। हापुड़ लाठीचार्ज मामले में मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने हाईकोर्ट के छह सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें हाईकोर्ट के तीन न्यायमूर्ति शामिल हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति वकीलों की शिकायत की जांच करेगी। कमेटी में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति फैज आलम खान सदस्य बनाए गए हैं।जांच समिति में महाधिवक्ता, बार काउंसिल और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी शामिल किए गए हैं। उत्तर प्रदेश


## कार्यालय ग्राम पंचायत बेंदौ, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 09.09.2023

ग्राम पंचायत **बेंदौ** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **बेंदौ** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10-09-2023 से दिनांक 24-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25-04-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25-04-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रजापति बस्ती गुलाब के घर के पास आर सी सी रोड से खड़ंजा तक इण्टरलाकिंग कार्य (100मी.) | 5.00 लाख | 1 माह |
| 2. | शुक्ल बस्ती महेश के घर के पास से इण्टलाकिंग कार्य (100 मीटर) | 5.00 लाख | 1 माह |
| 3. | बाबूलाल के घर से मंदिर तक पक्की सड़क के पास तक इण्टरलाकिंग कार्य (100 मी.) | 5.00 लाख | 1 माह |

संगीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेंदौ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

दीपेश सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत बेंदौ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हजारों प्रतियोगी छात्रों ने ली शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विशाल संकल्प संस्था द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर प्रतियोगी छात्रों के साथ एक संवाद कार्यक्रम डूबते तो तिनके का सहारा,सिविल लाइंस द स्पीड कोचिंग में सम्पन्न हुआ। संवाद में बच्चों को आत्महत्या से जुड़े मनोवैज्ञानिक कारण बताए गए, बच्चों ने अपने प्रश्न भी रक्खे। आयोजक डॉ अंजली केसरी ने बताया विशाल संकल्प संस्था,के माध्यम से प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम प्रतियोगी छात्रों के लिए आयोजित होते है। बच्चों ने कहा भी कि इन विषयों पर कोई बात नही करता। वक्ताओं ने इस गम्भीर विषय पर बहुत ही व्यवहारिक उद्बोधन दिया। शिक्षा के साथ - साथ दिमागी संतुलन बनाना बहुत आवश्यक है। इस तरह के संवेदनशील विषय पर खुल कर बात होनी चाहिये जिससे समाज मे अच्छा सन्देश



जाए। संयोजक मो0 वसीम सर ने कहा कि आज के युवाओं के साथ इन विषय पर जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि किसी घर का चिराग ना बुझे। हजारों की संख्या में छात्रों ने ध्यान व रुझान से संवाद में भाग लिया व ऐसे कार्यक्रमों के होते रहने की अपील की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यूथ आइकन ऑफ प्रयागराज रहा जिसके अंतर्गत दस युवाओं को उनके उत्कृष्ठ सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। अभिलाष केसरवानी, अमित पाण्डेय, अनूप बिंद, संदीप भौकाल, रितेश केसरवानी, अमरीश द्विवेदी, डॉ मिथलेश बिंद, रामबाबू तिवारी अभिषेक शुक्ला, इंद्रभान जो कि बच्चों के लिए भी प्रेरक रहा। कार्यक्रम में कमरुज्जमा, ऊषा केसरी, अनिल केसरवानी, वी के मिश्रा, अशफाक व अन्य गणमान्य लोग रहे।

# आटा चक्की कारखाने मे सोते समय अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या

घटना स्थल पर पुलिस बल के साथ सीओ लालगंज पहुँचे



घटना स्थल पर जुटी भीड़।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बंधवा विजई मऊ निवासी हरिशचंद्र पटेल पुत्र विंदेश्वरी पटेल (55) वर्षीय का शुक्रवार की बीती रात घर के पास स्थित खेत के बगल आटा चक्की के कारखाने मे सोते समय अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर मौके से फरार हो गये।

कारखाने के अंदर आटा चक्की में शनिवार की सुबह खून से लथ पथ रक्त रंजिश शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर परिजन लोग भी पहुंच गये। शव देख चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ थाना प्रभारी इंद्रदेव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और ग्रामीणो के आक्रोश को देखते हुए घटना की जानकारी सीओ लालगंज राममूरत सोनकर को दी। जानकारी मिलते ही सीओ लालगंज मौके पर पहुँचे और घटना की बाबत परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ किया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि तीन चार दिन पूर्व जमीनी विवाद मे दो वर्ष से चल रहे मुकदमे को लेकर घर पर आकर गांव के कुछ लोगो ने छप्पर पीट पीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन देते हुए शव की लिखा पढ़ी करके पी एम को भेजा। मृतक के परिजनों ने हत्या की नामजद तहरीर पुलिस को दी है पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल मे जुटी हुई है। इस बाबत थाना प्रभारी इंद्रदेव का कहना है कि मामला हत्या का है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो भी होगा विधिक कारवाई की जाएगी। सुरक्षा को देखते हुए परिजनों की मांग पर घर पर पुलिस की तैनाती कर दी गयी है जल्द ही हत्या का खुलासा की बात कही है।

## छत पर सो रहे युवक की नीचे गिरने से मौत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा क्षेत्र में एक (25) वर्षीय युवक की रात में छत से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक रात में टॉयलेट करने के लिए उठा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। वह मकान से नीचे आ गिरा जिससे वह गंभीर घायल हो गया था। परिजन तत्काल ही गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया। शनिवार को अस्पताल में

### पत्नी की चीख-पुकार के बाद हुई जानकारी

उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

बता दें कि भीखमपुर निवासी महेंद्र कुमार गौतम पुत्र गिरधारी गौतम थाना आसपुर देवसरा गांव निवासी 5 सितंबर की रात्रि छत पर सो रहे थे। लगभग 12 बजे वह टॉयलेट करने उठे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से वह पक्के मकान से से नीचे आकर खड़ंजे पर मुंह के बल गिर पड़े। चीख-पुकार मचने पर ग्रामीण जाग गए और तत्काल घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया परिजनों ने घायल को बेहतर इलाज हेतु पीजीआई ले गए, जहां उपचार के दौरान महेंद्र गौतम की मौत हो गई। बता दें कि मृतक महेंद्र कुमार का विवाह दो वर्ष पहले दिवानगंज निवासी रेखा से हुआ था। घटना के बाद मृतक की पत्नी रेखा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन शव को घर ले आए। युवक की मौत पर पत्नी रेखा सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# किशोरी सदन में श्रीराम कथा का आयोजन 22 से

## श्रीराम कथा को लेकर हुई तैयारी बैठक



श्रीराम कथा की तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती, काशी प्रांत द्वारा हिंदवी स्वराज की स्थापना के 350 में वर्ष में काशी में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा की सफलता के लिये 22 सितंबर से 29 सितंबर तक प्रतापगढ़ नगर स्थित किशोरी सदन में श्री राम कथा का आयोजन होने जा रहा है।

श्री राम कथा में मानस मर्मज्ञ श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज महाराज श्रीधाम वृंदावन के श्री मुख से भव्य श्री राम कथा श्रवण करने का पुनीत अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर श्री राम कथा आयोजन समिति की बैठक गोपाल मंदिर परिसर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में आयोजक मंडल के सभी सदस्यों ने एक स्वर से जन-जन तक कथा का भाव पहुंचने के साथ-साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि भगवान श्री राम ने समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सामाजिक समरसता का अप्रतिम संदेश दिया। बैठक का संचालन गिरजा शंकर मिश्र ने किया। इस अवसर पर संजीव आहूजा, रतन चंद्र जैन, डॉ शक्ति कुमार पांडेय, गोविंद खंडेलवाल, नितेश खंडेलवाल, डॉ रंगनाथ शुक्ला, शिशिर खरे, डॉ शिवानी मतानहेलिया, प्रमिला शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, रेखा खंडेलवाल आदि ने विचार व्यक्त किया द्य इस अवसर पर संयोजक डॉ सौरभ पांडेय ने कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा करते हुए सभी का आह्वान किया कि हम सभी श्री राम कथा को जन-जन की कथा बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। बैठक में अश्विनी केशरवानी शिवशंकर सिंह, अवधेश मिश्र, आलोक गर्ग, नारायण खंडेलवाल, अभय खंडेलवाल, साक्षी खंडेलवाल, शकुंतला देवी, दिनेश अग्रहरि, रमेश पटेल, पिंकी दयाल, नितिन केशरवानी, सुनील दुबे, अनिल सिंह, ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, पंकज मिश्र,विनोद मिश्र,गौरी शंकर सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रथमेश प्रकाश मिश्र, दिनेश अग्रहरि, अमित शुक्ल,अनिल शिल्पकार, रमेश पटेल, कार्तिकेय पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने मवेशी के विवाद मे हुई मारपीट व तोडफोड को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कुम्भीआइमा के पूरे इलाही निवासी मो. रफीक की पत्नी बिटटन ने दी गई तहरीर मे कहा है कि छः सितंबर को दोपहर उसका एक मवेशी पडोसी के खेत में चला गया। नाराज पडोसी जब्बार तथा कमरूददीन की पत्नी नसरीन बानो व शेर मोहम्मद ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीडिता की लाठी डंडों से पिटायी कर दी। शोर मचाने पर आरोपियों ने दरवाजे पर खड़े टैज्क्टर में तोडफोड की। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर पर पुलिस ने जब्बार समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा व मारपीट का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट में उदयपुर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा तथा मारपीट तथा तोडफोड व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पटटी कचेहरा रघनपुर निवासी नंदलाल यादव की पत्नी रीनू यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि दो सितंबर को शाम साढ़े छः बजे विपक्षी दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। विपक्षियों गांव के रामभजन यादव के पुत्रगण राजेश तथा विनय व राजेश यादव के पुत्र दीपक तथा नितेश एवं विजय यादव के पुत्र अर्पित ने जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता घर के अंदर जान बचाने को घुस गयी तो आरोपी दरवाजे पर लगा सीसी कैमरा तथा उसकी दीवार तोड दी। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नितेश समेत पांच के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। मालूम हो कि दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त राजू प्रजापति पुत्र जगतपाल प्रजापति निवासी बबुल्लापुर थाना मानिकपुर निवासी को मुखबिर की सूचना पर मानिकपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने अपने हम राही के साथ थाना क्षेत्र के देशराज इंदारा तिराहे से भागने की फिराक मे बैठे रहने पर गिरफ्तार किया जिसकी लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया। अभियुक्त के खिलाफ थाने में पाक्सो एक्ट अभियोग दर्ज है।

# कुंडा बस अड्डा में यात्री शेड बनवाने एवं बस चलवाने की मंत्री से सांसद ने की मांग

## बस अड्डा के कायाकल्प के लिये प्रदेश सरकार को सांसद ने लिखा था पत्र

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कुंडा नगर में स्थित परिवहन विभाग का रोडवेज बस अड्डा काफी अर्से से वीरान पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों की मांग पर कौशांबी लोकसभा के सांसद विनोद सोनकर ने वर्ष 2020 में बस अड्डा के कायाकल्प के संदर्भ में प्रदेश सरकार को पत्र लिखा था। प्रदेश सरकार द्वारा बस अड्डा के निर्माण के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृत हुए। इसके बाद बस अड्डा के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ।

बीते 22 अगस्त को सांसद विनोद सोनकर निमार्णाधीन बस अड्डा का स्थलीय निरीक्षण किया, जहां पर यात्रियों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था न होने पर विभागीय



मंत्री से मुलाकात करते सांसद विनोद सोनकर।

अधिकारियों को यात्री सेड बनवाने का निर्देश दिया। शनिवार को प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से लखनऊ में मिलकर कुंडा के निमार्णाधीन बस अड्डा में यात्री सेड बनवाने के साथ बस चलवाने की मांग की। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह ने जल्द ही सांसद विनोद सोनकर की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। सांसद के प्रयास से कुंडा का रोडवेज बस अड्डा अपने नए कलेवर के साथ बन रहा है। जैसे ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। यहां से बसों का संचालन प्रारम्भ

## पुलिसकर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने एएसपी को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने पर शनिवार को कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों ने सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन को समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी। एएसपी अमृत जैन ने दो माह के अपने कार्यकाल में विभागीय कर्मियों के मिले सहयोग की सराहना भी की। वहीं उन्होनें मातहतो से कहा कि पुलिस सेवा के प्रति उन्हें सदैव जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन में सर्वश्रेष्ठ अवसर सामने लाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी के संयोजन में हुए विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों ने एएसपी अमृत को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह, एसएसआई राजेश कुमार, एसआई जावेद अहमद, एसआई अनीस कुमार, एसआई रामजी उपाध्याय, एसआई केशवप्रसाद, एसआई कबीरदास, एसआई शिशिर पटेल, प्रधान आरक्षी ज्ञानचंद्र तिवारी, ने एएसपी के दिशानिदेशों को विभागीय कार्य संस्कृति के लिए लाभप्रद बताया। आरक्षी संतोष गिरि, मधु, वंदना, शिवांगी ने एएसपी के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

## सात विधानसभा उपचुनावों के नतीजे इण्डिया के लिए शुभलक्षणः प्रमोद तिवारी

### लालगंज में कैम्प कार्यालय पर की पत्रकारवार्ता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने नई दिल्ली में हो रहे जी-20 सम्मेलन को लेकर विश्व व्यापार में देश की हिस्सेदारी बढ़ाये जाने पर जोर दिया है। जी-20 सम्मेलन की सफलता की आशा करते हुए उन्होनें भरोसा जताया कि इस सम्मेलन के निर्णय इन देशों और विश्व के हित में होंगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने इस बात पर जोर दिया है कि इस सम्मेलन के जरिए भारत को अपनी हिस्सेदारी को विश्व व्यापार के क्षेत्र में एक मजबूत विक्रेता के रूप में बढ़ाना चाहिए।

शनिवार को यहां क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में उन्होने यह भी कहा कि ऐसी ही कुछ स्थिति अमेरिका के साथ भी है। श्री तिवारी ने देश के लिए इन हालातों को चिन्ताजनक ठहराते हुए जोर दिया है कि अरबों खरबों खर्च करने के बाद भारत की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। हाल ही में



लालगंज में पत्रकार वार्ता करते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी।

देश में सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के नतीजे पर ताजा प्रतिक्रिया में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पूवो×र में त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल, झारखण्ड और दक्षिण में केरल और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में घोसी के उपचुनाव के नतीजे भाजपा नीति एनडीए की वायदा खिलाफी को लेकर इण्डिया को जनता के विकल्प की मंजूरी है। उन्होनें कहा कि घोसी में बयालिस हजार से अधिक मतों से इण्डिया की जीत हुई है। वहीं उन्होनें उत्तराखण्ड में तमाम आलोचनाओं तथा आरोपों सवालों और सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करने के बावजूद भी भाजपा प्रत्याशी को केवल दो हजार मतों से मिली जीत को सरकार के लिए कड़वा आईना ठहराया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि केरल और झारखण्ड में जहां इण्डिया की शानदार जीत हुई है। वहीं त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव में भाजपा सरकार के प्रत्याशी बहुत कम मतों से चुनाव जीते। वार्ता के दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र मौजूद रहे।

## घोसी में सपा की जीत पर मगन हुए कार्यकर्ता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घोसी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत पर शनिवार को यहां सपाईयों ने खुशी जतायी। अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव उमेश प्रताप यादव के संयोजन में पार्टी कार्यकताओं ने सपा की जीत को समाजवाद की विचारधारा की जीत ठहराया। उमेश यादव ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में कानून व्यवस्था तथा विकास के माहौल को कमजोर किया है। उन्होनें कहा कि उसी का परिणाम है कि घोसी की जनता ने सपा के पक्ष में निर्णय सुनाया है। इस मौके पर आशीष यादव, नकुल यादव, राज यादव, डा. पंकज यादव, अनुराग यादव, अंकित यादव, विजय यादव, अनिल यदुवंशी, अतुल आदि रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में दो सौ बीस वाद निस्तारित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सिविल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक वाद के दो सौ बीस मुकदमों का त्वरित निस्तारण कराया गया। कोर्ट ने लोक अदालत के जरिए विभिन्न वादों में चार हजार चार सौ रुपए अर्थदण्ड भी वसूल किया। सिविल जज अरविन्द कुमार सिंह ने लोक अदालत में लगे वादों की सुनवाई की। उन्होनें राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्वता को लेकर अधिवक्ताओं से छोटे मोटे विवादों को निस्तारित कराए जाने में सहयोग मांगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, रमेश पाण्डेय, शहजाद अंसारी, जितेन्द्र सिंह, अंजनी मिश्र, पवन पाण्डेय, संजय ओझा, कमलेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## भाजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है जनता

### ढकवा बाजार में समाजवादी मजदूर सभा की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को समाजवादी मजदूर सभा की बैठक ढकवा बाजार में किया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के साथ मजदूर सभा के कई सदस्य मौजूद रहे, जिसमें पार्टी की नीतियों पर आगे बढ़ाने के लिए संकल्प को दोहराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी मजदूर सभा प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष शिव बहादुर यादव गुड्डू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है जिसके कारण लोग परेशान हैं। घोसी विधानसभा में समाजवादी पार्टी के पक्ष में जनमत ने सिद्ध कर दिया है कि भाजपा को जनता पसंद नहीं करती है। कार्यक्रम में ढकवा चेयरमैन अशोक त्यागी ने भी अपना उद्बोधन देकर कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष शिव बहादुर यादव गुड्डू, ढकवा चेयरमैन अध्यक्ष अशोक त्यागी जी सोनपूरा के पूर्व प्रधान राजेश यादव जी ठेकेदार और शानदार नेता अभिभावक के रूप में श्रीनाथ यादव जी निवर्तमान नगर अध्यक्ष महेंद्र यादव जी, जिला उपाध्यक्ष राघव यादव जी, जिला उपाध्यक्ष सूरज जी जिला सचिव सचिन खरवार, जी ब्लॉक अध्यक्ष पवन, नगर अध्यक्ष मजदूर सभा ढखवा अजय सरोज, हवलदार यादव जी, दान बहादुर जी, सभासद मनोज, राज कुमार, राम जीत त्यागी, प्रतीक, विकास, राघव यादव, अमित, उमेश, अंककित, रमेश तथा सभी विधानसभा अध्यक्ष जिले के समस्त पदाधिकारी मजदूर सभा के रहे।

## हल्की बारिश से खिले किसानों के चेहरे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पिछले दो तीन दिनों से हल्की बारिश ने शनिवार को रफ्तार पकड़ी। बारिश को लेकर किसानों के चेहरे जरूर खिल उठे दिखे। इधर बारिश के कारण तहसील परिसर में जलभराव भी हो उठा। परिसर में चारों तरफ बारिश का पानी जमा होने से लोगों को कठिनाईयों का सामना करते देखा गया। वहीं नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी बारिश के चलते जलजमाव की समस्या ज्यों कि त्यों हो उठी। हल्की बारिश से तपिश व गर्मी से लोगों को सकून में देखा गया। बावजूद इसके नहरों में पानी न आने से अभी भी किसान धान की फसल को लेकर चिंतित देखे जा रहे है।



## एमडीपीजी कालेज के प्रो० अरुण कुमार बने विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार श्रीवास्तव को प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज के विज्ञान संकाय का अधिष्ठाता नियुक्त किया गया है। एमडीपी कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ बलराज मिश्र सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अधिष्ठाता नियुक्त होने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है।

## मोतीलाल के निधन पर वृद्धाश्रम में हुआ शोकसभा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में आज एक शोक सभा का आयोजन किया गया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि शुक्रवार को वृद्ध दादा मोतीलाल का निधन हो गया था। दादा के बच्चों को सूचना दी गई थी लेकिन वह गुड़गांव दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है और उन्होंने आने में असमर्थता दिखाई थी। कल दाह संस्कार कर आगे और कर्मठ करने की योजना समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बनाई है। दादा मोतीलाल की आत्मा की शांति के लिए वृद्धजनों ने एक शोक सभा कर मृतक आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में प्रबंधक अम्बिका प्रसाद, जयराम दादा, शिव बाबू, गयादीन, हीरालाल, लाल जी, रामबोध, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह,



वृद्धाश्रम में आयोजित शोक सभा में मौजूद समाजसेवी व अन्य।

अंबिका प्रसाद, मानसिंह, विवेक यादव, गरीब, मेवालाल, आशिक अली, रामचंद्र, रामकुमार, शीला, अनारकली, प्रभुदेवी, सरिता, गुजराती, सुशीला, अमरावती, आरती आदि वृद्धाश्रम परिवार ने शोक जताते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## सेतापुर ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**प्रतापगढ़।** ब्लाक स्तरीय कबड्डी ट्रायल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को कंपोजिट स्कूल गोंडे में हुआ। जिसमें यूपीएस सेतापुर की बालक और बालिका टीम विजेता और गोंडे उपविजेता रही। जबकि प्राथमिक वर्ग में बालक में जोगापुर और बालिका में गोंडे की टीम विजई और बराछा उपविजेता हुई। सदर ब्लाक के व्यायाम शिक्षक शैलेंद्र सिंह शैलु ने बताया खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अभी आगे भी इस तरह के खेल होंगे। कई स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया है। इस मौके पर जेपी मिश्रा, महेश मणि, संगीता, रूपाली, रचना पटेल और इंद्रकुमार समेत कई टीचरों ने सहयोग किया।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली की चपेट में आए पूर्व प्रधान की हुई मौत

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के पिपरी थाना अंतर्गत नेवादा विकास खण्ड के आलमपुर गांव के पूर्व प्रधान मुन्नू लाल यादव के ऊपर शनिवार की लगभग 3:00 बजे आकाशीय बिजली गिर गई है जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए हैं आनन फानन में परिजन गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी चिकित्सकों ने पूर्व प्रधान को मृतक घोषित कर दिया है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है जैसे ही गांव के लोगों को पूर्व प्रधान के मौत की जानकारी मिली गांव के लोगों का मजमा उनके घर पर लगा हुआ है पूर्व प्रधान के घर पर कोहराम मचा हुआ है मामले की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 32 हजार 779 का निस्तारण कर 2 करोड़ 15 लाख 43 हजार 955 रुपए वसूला गया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश बृजेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। न्यायिक अधिष्ठान के सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारी व कर्मचारी तथा जनमानस उपस्थित रहे। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के क्रम में जनपद न्यायाधीश द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 63 परिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 28 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 82 लाख 40 हजार रुपए दिलाये गये तथा इसी क्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम द्वारा कुल

**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 28 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 82 लाख 40 हजार रुपए दिलाये गये**

05 वाद का निस्तारण कर 500 रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी / एसटी द्वारा 07 वाद का निस्तारण कर 4,500 रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण कर 500 रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश सप्तम द्वारा विद्युत अधिनियत के 84 वादों का निस्तारण कर 2,06,500 रुपए की वसूली की गयी। अपर जनपद न्यायाधीश / त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 05 वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा



01 वाद का निस्तारण कर 10,000 रुपए जमा कराया गया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 5406 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 3 लाख 25 हजार 900 रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज सी०डि० द्वारा कुल 480 वादों का निस्तारण कर 8,350 रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के अतिरिक्त 14 लाख का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया सिविल जज सी०डी० त्वरित न्यायालय द्वारा कुल 1500 वाद का निस्तारण किया गया सिविल जज जुडि० द्वारा कुल 1558 वादों का निस्तारण कर 8,540 रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 1180 वादों का निस्तारण कर 21,900 रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार अपर सिविल जज जू०डि० प्रथम द्वारा कुल 78 वाद निस्तारित कर 4,250 रुपए अर्थदण्ड वसूला गया तथा सिविल जज जू०डि० त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 1575 वादों का निस्तारण किया गया एवं सिविल जज जू० डि० त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 1650 वादों का निस्तारण कर 3,500 रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 18381 वादों व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 330 वादों का निस्तारण कर 6 लाख 70 हजार 130 रुपए जमा कराया गया जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी द्वारा 04 वाद निस्तारित कर 61,954 रुपए जमा कराया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 441 वादों का निस्तारण कर 1 करोड़ 19 लाख 77 हजार 431 रुपए जमा कराया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 32 हजार 779 का निस्तारण कर 2 करोड़ 15 लाख 43 हजार 955 रुपए वसूला गया तदोपरान्त प्राधिकरण के सचिव, अपर जनपद न्यायाधीश देवेश चन्द्र गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा लोक अदालत की समाप्ति की घोषणा की।

## महेवाघाट थाना में त्रिनेत्र के क्रम में डिजिटल वॉल का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन

**थाना सैनी थाना मंझनपुर थाना चरवा तथा संदीपनघाट में पूर्व में ही डिजिटल वॉल का किया जा चुका है उद्घाटन**



**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना में 9 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत डिजिटल वॉल का उद्घाटन किया गया ऑपरेशन त्रिनेत्र डिजिटल वॉल का उद्घाटन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पहल से आमजनों को बेहतर सुरक्षा का वातावरण मिलेगा तथा किसी भी प्रकार की कानून एवं शान्ति व्यवस्था सम्बन्धी समस्या अपराध होने पर तत्काल विधिक कार्यवाही करने में सहायता मिलेगी तथा अपराध नियंत्रण एवं अपराध के अनावरण में सहयोग प्राप्त होगा। जिसमें प्रमुख चौराहे, लिंक रोड, स्कूल, संस्थान, आदि स्थल सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जुड़े हुए हैं। सभी कैमरे उच्च क्वालिटी और नाइट विजन के साथ है तथा मानक के अनुरुप डीवीआर भी लगाई गयी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं बालिकाओं, व्यापारियों एवं आमजनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख चौराहों, स्कूल कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों एवं बाजारों में संदिग्ध गतिविधियों पर सीसीटीवी के माध्यम से पैनी नजर रखी जा रही है सीसीटीवी कैमरा हमें अपने परिसर के आसपास की सभी गतिविधियों पर नजर रखने और ट्रैक करने में सक्षम बनाता है प्रत्येक चिन्हित सीसीटीवी कैमरा स्थल पर बीट प्रभारी एवं स्थानीय नागरिकों की निगरानी समिति बनाई जा रही है जिसके द्वारा समय-समय पर सीसीटीवी में कोई खराबी आने पर संवाद कर सीसीटीवी को सुचारु कराया जायेगा उन्होंने कहा कि जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों का अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग सीधे थाने पर एलईडी स्क्रीन वीडियो वॉल पर देखा जाएगा।इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर अभिषेक सिंह थानाध्यक्ष महेवाघाट रजनी कांत राजपूत उप निरीक्षक नंदू यादव उपनिरीक्षक शकील अहमद चौकी इंचार्ज हिनौता बलराम सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस कार्यक्रम की सफलता को लेकर नेशनल एंटी करप्शन की बैठक संपन्न

**कौशाम्बी।** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की एक बैठक शनिवार को मंझनपुर कस्बे के सिराथू रोड में कमेटी के अध्यक्ष सुभाष केसरवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में जिले मंडल प्रांतीय और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित हुए आगामी 29 सितंबर को नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की बनारस में आयोजित होने वाले स्थापना दिवस के कार्यक्रम को भव्य तरीके से सफलतापूर्वक मनाए जाने को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विधिक कार्यशाला संगोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में राजेश शुक्ला जेएन मिश्रा सीताराम विश्वकर्मा नरेश चंद्र केसरवानी पूर्व अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी नईम अहमद राईन मंसूर अहमद पवन मिश्रा लालचंद वर्मा अशोक कौशल शिव प्रकाश सिंह महेश प्रसाद केसरवानी नरेंद्र साहू देशराज यादव रामदत्त यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर लगने से गड्ढे में पलटी स्कॉर्पियो युवक की मौत

**दुर्घटना के काफी देर बाद तक मृतक को प्राथमिक उपचार न मिलने से तड़प तड़प कर मौके पर हुई दर्दनाक मौत**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रोड पर रघवापुर गाँव के पास शुक्रवार देर रात एक स्कॉर्पियो को तेज रफ्तार डंपर ने साइड मार दी जिससे स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए गड्ढे में पलट गई,हादसे मे एक युवक की मौत हो गई घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं

घटनाक्रम के मुताबिक कड़ाधाम कोतवाली के सौरई बुजुर्ग निवासी राकेश कुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल शुक्रवार की रात लगभग 9:00 बजे स्कॉर्पियो से मंझनपुर से वापस अपने घर आ रहे थे जैसे ही स्कार्पियो सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रघवापुर गांव के पास पहुंचे एक तेज रफ्तार डंपर ने स्कॉर्पियो को साइड मार दी जिससे अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पेड़ से भिड़ गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई रात होने के चलते काफी देर तक मौके पर कोई नहीं पहुंच सका जब तक स्कार्पियो सवार राकेश को कोई मदद मिल पाती या उपचार मिल पाता तब तक देर हो चुकी थी हादसे में राकेश की मौके पर ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई घटना को अंजाम देने के बाद डंफर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया,राकेश की मौत की सूचना से उसके परिवार में कोहराम मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल के बेहद करीबी मृतक राकेश जयसवाल थे मृतक के दो बेटी व एक बेटा है एक बेटी की शादी हो गई वहीं एक बेटी व बेटा की जिम्मेदारी राकेश के सर पर थी लेकिन राकेश की मौत के बाद परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

## ट्रेलर ट्रक से भिड़ी दूसरी ट्रेलर ट्रक, चालक केबिन में फंसा, हालत गंभीर



**कौशाम्बी।** कोखराज टोल प्लाजा के पास गंगा नदी पर बने पुल पर चलती हुई ट्रेलर ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक की जबरदस्त भिडंत हो गई,भिडंत के बाद ट्रेलर ट्रक के केबिन के परखच्चे उड़ गए,हादसे के ट्रक चालक बुरी तरह से घायल हो गया और केबिन में ही फंस गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगो की सहायता से चालक को बाहर निकलवाया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा।घटना कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज टोल प्लाजा के पास गंगा नदी पर बने पुल की है जहा बनारस से कानपुर की तरफ से आ रही ट्रेलर ने पीछे से दूसरी ट्रेलर ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी,हादसे में पीछे ट्रेलर ट्रक का चालक ट्रेलर की केबिन में बुरी तरह फस गया और गंभीर घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फसे चालक को बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाकर उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा,घायल चालक राजेंद्र पुत्र देवकरन राजस्थान के अजमेर का निवासी बताया जा रहा है।

## सिपाही का ट्रांसफर होने के बाद भी अभी तक नहीं छूटा थाने का मोह

**कौशाम्बी।** चरवा थाना में तैनात सिपाही गौरव कुमार दुबे का ट्रान्सफर होने के बावजूद आखिर चरवा थाने में रहने को वह क्यो मजबूर हैं। कॉन्स्टेबल गौरव दुबे का ट्रान्सफर थाना चरवा से थाना मंझनपुर में हो गया है लेकिन मजबूरीवश गौरव को चरवा में ड्यूटी करनी पड़ रही है। ईमानदार कॉन्स्टेबल गौरव कुमार दुबे इस कदर मजबूर हैं कि अभी तक अपने पुराने थाने में उन्हें अपनी ड्यूटी देनी पड़ रही है। गौरव का ट्रान्सफर लगभग एक सप्ताह पहले किसी कारण वश मंझनपुर कोतवाली में कर दिया गया है। लेकिन गौरव को चरवा में थाना और क्षेत्र से इतना प्यार मिला है कि अपने ट्रान्सफर हुए नए थाने में आज तक ड्यूटी ज्वाइन नही किए है। चरवा थाना में सिपाही की कमी के कारण ट्रान्सफर के बाद भी उन्हें ड्यूटी देनी पड़ रही है। उच्च अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और ट्रान्सफर हुए सिपाही से चरवा थाना में ड्यूटी करने को मजबूर कर रहे हैं।

## हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कड़ा कौशांबी।** कडा धाम थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास की घटना में प्रकाश में आए एक वांछित अभियुक्त को थाना पुलिस ने फसैया तालाब के पास से गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसओ आशुतोष सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक रणजीत सिंह ने मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा अपराध संख्या 197 सन 23 की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त अलताफ निवासी नई बस्ती कड़ा धाम को थाना पुलिस ने फसैया तालाब के पास से गिरफ्तार करके अदालत भेज दिया है

## बकाया रुपए देने के बावजूद छीनी बाइक व मोबाइल

**चायल कौशांबी।** थाना समाधान दिवस पिपरी में दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में अमर सिंह निवासी शेरगढ़ ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि 2 साल पहले उसने पंकज सिंह और कमलेश सिंह से 40 हजार रुपए दुकान खोलने के लिए ऊधार लिया था अमर सिंह का कहना है के उसने दोनों को रुपए वापस कर दिए हैं। उसके बावजूद 8 सितंबर को अमर सिंह बाइक से घर लौट रहा था तभी रास्ते में उसे कमलेश सिंह और पंकज मिले और मारपीट कर गाली गलौज देते हुए उसकी बाइक और मोबाइल छीन लिया है।

# जनपद कौशांबी की मत्स्य विभाग की प्रगति 300 गुना : डॉ संजय निषाद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने शनिवार को जनपद कौशांबी के उदयन सभागार में लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद कौशांबी मत्स्य विभाग की प्रगति 300 गुना से अधिक है। जनपद कौशांबी को मत्स्य पालन के क्षेत्र में बढ़ाया जाएगा और जनपद चंदौली की तर्ज पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रयागराज मंडल में मत्स्य क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए अल्ट्रा मॉडर्न फिश मंडी का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने मत्स्य विभाग की लाभकारी योजना केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को चेक और प्रमाण पत्र भी वितरण किया केसीसी के तहत रामचंद्र निषाद शिव गणेश

**मंडल प्रयागराज में भी बनेगी अल्ट्रा मॉडल फिश मंडी : मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद**



निषाद शंकर लाल को लाभांवित किया गया। इसके साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के तहत धर्मेंद्र कुमार निषाद राजकुमार निषाद यशवंत निषाद फूलचंद निषाद दीपचंद निषाद नवल किशोर निषाद तथा अवधेश कुमार निषाद को प्रमाण पत्र वितरण किया गया उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि जनपद प्रयागराज में भगवान श्री राम जी और महाराजा गुह्यराज निषाद की 56 फीट की भव्य प्रतिमा बनकर लगभग तैयार हो चुकी है, इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री को निमंत्रण भी भेजा जा चुका है। हमको पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जी जनपद प्रयागराज में तैयार हो रही मूर्ति के अनावरण के लिए समय जरूर देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा कार्यक्रम की जानकारी भी मांगी जा चुकी है।मंत्री ने बताया कि मछुआ समुदाय के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाओं को बना रही है जिससे मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जिसका परिणाम है कि प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन के लिए मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज वोट योजना, मछुआ कल्याण कोष जिसमें मछुआ समाज को विभिन्न मदों के तहत आर्थिक सहायता दी जा सकती है।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के विस्तार पर हुई चर्चा



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संगठन की एक बैठक न्याय पंचायत अलवारा में शनिवार को आहूत की गयी बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवां के अध्यक्ष नितिन कुमार समावेशी द्वारा की गयी। बैठक में संगठन के विस्तार के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में अधिकाधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बारी बारी से उपस्थित अधिकांश शिक्षको द्वारा सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति निष्ठा विश्वास व्यक्त किया गया। ब्लाक महमंत्री दीपक सिंह द्वारा बताया गया कि किसी भी स्तर पर शिक्षको का शोषण वर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं यथा मेडिकल, सी सी एल, चयन वेतन मान स्वीकृत हेतु चयन वेतनमान की पत्रावली की संस्तुति न किया जाना, मानव संपदा एरियर माडयूल द्वारा ब्लाक स्तर से एरियर आवेदन पत्र को भुगतान हेतु फारवर्ड न किया जाना आदि अनेक शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही साथ सर्व सम्मति से कम्पोजिट विद्यालय लोधन का पूरा में कार्यरत सहायक अध्यापक प्रत्यूष मिश्र को ब्लाक कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अशोक सिंह, मंत्री जय भारतीया, ब्लाक मंत्री संतोष साहू, संयुक्त मंत्री रोहित कुमार, अजीत सिंह मीडिया प्रभारी, रवि कुमार, सत्यप्रताप सिंह, कुलनंदन सिंह रोहित कुमार, संजय कुमार विक्रम सिंह सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### थाना समाधान पिपरी में सीओ ने सुनी लोगों की फरियाद



**चायल कौशाम्बी।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के संपूर्ण थानों में किया गया इसी क्रम में पिपरी थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनने के लिए क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण पहुंचे और उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना फरियलियों की बैठने की व्यवस्था थाने में पर्याप्त नहीं थी जिससे तमाम फरियादी जमीन पर बैठकर फरियाद कर रहे थे जमीन पर बैठे देखकर क्षेत्राधिकारी ने फरियादियों को बुलाकर प्राथमिकता पर उनकी समस्याओं को सुना मौके पर शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका है शिकायतों को निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व के संयुक्त टीम के जरिए निस्तारण करने का निर्देश दिया है थाना समाधान दिवस में जमीन विवाद से संबंधित अधिक मामले पहुंचे हैं जिनके निस्तारण का आश्वासन फरियादियों को दिया गया है क्षेत्राधिकारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर फरियादियों को संतुष्ट किया जाए इस दौरान पिपरी कोतवाल चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजस्व लेखपाल कांस्टेबल सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सैनी थाना में सीओ व तहसीलदार ने सुनी शिकायतें



**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व तहसीलदार अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस में कुल पांच शिकायती पत्र आए जिसमे अधिकारियों ने दो शिकायतो का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष शिकायतो को जांच कर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए । इस दौरान उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह अभिषेक कुमार गिरधारीलाल मो फारुख सहित राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे औ? इसी तरह कड़ा धाम थाने में भी थाना समाधान दिवस का आयोजन कर अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं का सुना और उसके निस्तारण का प्रयास किया समाधान दिवस में राजस्व के कर्मी भी मौजूद रहे।

### चरवा थाने में 9 शिकायतों में 4 का मौके पर किया गया निस्तारण



**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर चरवा थाने में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने सुना थाना समाधान दिवस के अवसर पर चरवा थाने में 9 फरियादियों ने अपनी समस्याएं कोतवाल के सामने रक्खी थाना समाधान दिवस के अवसर पर अधिकतर मामले जमीन से संबंधित कोतवाल के सामने पहुंचे जिस पर 4 समस्याओं को सुनकर कोतवाल ने मौके पर निस्तारण कर दिया शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजस्व कर्मी और पुलिस मौजूद रही।

### किसानों की समस्याओं का हो निस्तारण वरना होगा आंदोलन : जिला अध्यक्ष



**कौशाम्बी।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन आराजनैतिक में जिला अधिकारी को पत्र देते हुए कहा कि पूर्व में दिए गए मांग पत्रों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है जिससे किसान मजदूर परेशान है भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने 08 सितम्बर को फिर पत्र के माध्यम से कहा कि पूर्व में प्रशासन को अवगत कराया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से नगर पंचायत चरवा के अधिकारियों द्वारा 20 हजार रुपए की वसूली की जा रही है जिसकी शिकायत की गई थी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई है किसानों से वसूले गए रकम वापस नहीं कराई गई है उन्होंने कहा कि नगर पंचायत चरवा में गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की संख्या कम है सड़कों पर आवारा पशु विचरण कर रहे हैं पशुओं को गौ संरक्षण केंद्र पहुंचने की व्यवस्था करने के लिए नगर पंचायत चरवा को निर्देशित किया जाए लेकिन इस मामले का भी निस्तारण अभी तक नहीं सका है नरेंद्र पांडेय ने बताया कि पूर्व में दिए गए मांग पत्र में अधिकारियों को बताया गया था कि सिराथू तहसील के कासिया ककोढा गांव में आवारा पशु किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं सड़कों खेतों में आवारा पशुओं का झुंड टहल रहा है गौसंरक्षण केंद्र का निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी जमीन चिन्हित होने के बाद भी कासिया ककोढा गांव में अभी तक गौसंरक्षण केंद्र का निर्माण नहीं हुआ है जिससे किसानों में रोष व्याप्त है इस दौरान मूलचंद राम सिंह पटेल राम प्रकाश पाठक पवन कुमार मदन कुमार राजकुमार प्रिया त्रिपाठी नागेंद्र कुमार श्रीवास्तव रोहित कुमार सहित तमाम किसान मजदूर मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# अथ मोदी-बाइडेन वार्ता माहात्म्य

**18वें जी-20 शिखर** सम्मेलन के लिए भारत पहुँचते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लंबी बातचीत दोनों देशों के आपसी रिश्तों के सुखद भविष्य का संकेत कही जा सकती है।

यों तो चर्चा कई अहम मुद्दों पर हुई, लेकिन ज्यादा जोर इस पर रहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते और मजबूत किए जाएँ। मोदी-बाइडेन दोनों ने कहा कि उनकी सरकारें भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर काम करती रहेंगी। साथ ही दोनों ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और लचीले भारत-प्रशांत का समर्थन करने में क्वाड की अहमियत को दोहराया। यह भी कि दोनों देश ग्लोबली सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन के लिए मिल-जुलकर काम करेंगे। साथ ही, भारत और अमेरिका रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। जो बाइडेन ने अमेरिका से 31 ड्रोन खरीदने के लिए भारत के रक्षा मंत्रालय से अनुरोध पत्र जारी करने का भी स्वागत किया।

कहना न होगा कि मोदी-बाइडेन की यह मुलाकात भारत के लिए बहुत उत्साहवर्धक रही। अमेरिका ने घोषणा कर दी है कि भारत में अगले 5 वर्षों में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अमेरिका ने अपनी तरफ से पैरवी कर दी है। याद रहे कि चीन के लगातार बाधा डालने के कारण यह मुद्दा वर्षों से अटका हुआ है। अमेरिका का मानना ??है कि सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाएगी। इससे परिषद के स्थायी सदस्यों की शक्ति को संतुलित करने में भी मदद मिलेगी।

सयानों की मानें तो यह भी तय हुआ है कि अमेरिका भारत को आने वाले सालों में 31 एमक्यू-9बी आर्म्ड ड्रोन देने वाला है। इसके अलावा अगले साल होने वाले क्वाड सम्मेलन के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तरफ से राष्ट्रपति जो बाइडेन को निमंत्रण दे दिया है। इस तरह, यह द्विपक्षीय मुलाकात भारत और अमेरिका की दोस्ती को नई ऊँचाई दे गई। इससे भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूती का नया आधार मिलेगा। भारत-प्रशांत क्षेत्र के सामने बढ़ती चुनौतियों जैसे चीन के उदय और आतंकवाद के खतरे के संदर्भ में तो इसकी अहमियत असंदिग्ध है ही। इसके अलावा भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना इसलिए भी दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है कि इससे नौकरियाँ पैदा होंगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

इस मौके पर जारी संयुक्त बयान से पता चलता है कि दोनों नेताओं ने कृत्रिम मेधा (एआई), विज्ञान और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर गहन चर्चा की। दोनों ने प्रौद्योगिकियों पर एक नई भारत-अमेरिका संयुक्त पहल की घोषणा की। यह पहल कृत्रिम मेधा, क्वांटम कंप्यूटिंग और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर केंद्रित होगी। यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी में इन प्रौद्योगिकियों के बढ़ते महत्व का संकेत है। दोनों पक्ष समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद विरोध और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी अपने सहयोग को गहरा करने पर सहमत हुए। साथ ही, दोनों विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमत हैं। भारत में एक संयुक्त अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने की संभावना पर भी चर्चा की गई। इसी तरह दोनों नेता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूलन उपायों पर सहयोग के महत्व पर भी चर्चा की।

# परिवार नियोजन के लिए अलग नजरिये की जरूरत

**डॉ. संजना मोहन-लेखा रत्तनानी**



**तीन घटना**क्रमों ने संभवतः नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है। परिवार नियोजन के लिए शुरू की गई सरकारी पहल 'मिशन परिवार विकास' (एमपीवी) अब अपने सातवें वर्ष में है। इस मुहिम को मूल रूप से तीन से अधिक की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) के साथ 'उच्च प्रजनन क्षमता' क्षेत्रों के रूप में पहचाने गए 146 जिलों में कुछ सफलता हासिल हुई है। चिन्हित जिले सात राज्यों-राजस्थान, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड हैं। एमपीवी को उम्मीद है कि 2025 तक इन उच्च फोकस क्षेत्रों में टीएफआर 2.1 तक कम हो सकती है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए केंद्रित प्रयासों के परिणाम आंकड़ों में देखे जा सकते हैं लेकिन ये उन छिपी हुई समस्याओं के साथ आते हैं जिन्हें आंकड़े पकड़ नहीं पाते या नहीं पकड़ सकते हैं। उदाहरणार्थ, परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के बाद इन क्षेत्रों में गर्भ निरोधकों के उपयोग में तेजी आई है लेकिन गर्भ निरोधक का सबसे लोकप्रिय तरीका सर्जरी से जुड़े परिवार नियोजन की अपरिवर्तनीय विधि है। नतीजों के नजरिए से यह अच्छा है लेकिन महिलाओं के दृष्टिकोण से हमेशा अच्छा नहीं है। स्थायी विधि की लोकप्रियता राष्ट्रीय वरीयता को प्रतिबिंबित करती है जहां एनएफएचएस-5 के अनुसार वर्तमान में विवाहित महिलाओं के 36.3 प्रतिशत ने इस विकल्प को अपनाया जिससे यह गर्भ निरोधक सभी विकल्पों में सबसे लोकप्रिय हो गया। एमपीवी जिलों वाले राज्यों में कई और महिलाओं ने स्थायी विधि का विकल्प चुना। चूंकि एमपीवी पिछड़ेपन के उच्च स्तर वाले जिलों में अनिवार्य रूप से चलती है, वह इन जिलों में कमजोर संचार तथा स्वास्थ्य देखभाल के खराब वितरण का संकेत देती है इसलिए महिला नसबंदी के नकारात्मक पक्ष यहां अधिक स्पष्ट होंगे। महिला नसबंदी जैसी स्थायी विधि आमतौर पर तब अपनाई जाती है जब दंपति के पास उतने बच्चे होते हैं जितने वे चाहते थे तथा अब और बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। ग्रामीण भारत में बच्चों व युवा वयस्कों की मृत्यु असामान्य नहीं है। खासकर आदिवासी समुदायों में कई अप्रत्याशित घटनाओं के कारण-जैसे सर्पदंश, तेंदुए के हमले, पेड़ से गिरने, गांव के तालाब में डूबने और कई रोकथाम योग्य या उपचार योग्य बीमारियों का इलाज न होने के कारण मौतें होती हैं। समय पर देखभाल व उपचार न मिल पाने के कारण अक्सर बच्चों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहां दुर्घटनाओं के बाद दो या तीन बच्चों के बाद नसबंदी का विकल्प चुनने वाली महिलाएं खुद को अचानक कम बच्चों के साथ या बेटे के बिना पाती हैं। ऐसे मामलों में सर्जरी का उलटना असंभव नहीं है लेकिन बहुत मुश्किल है। इसके अलावा परिवार पर हुआ आघात का असर अंतहीन है। ग्रामीण भारत में महिला नसबंदी की बढ़ती स्वीकार्यता के ये दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम हैं। वे गर्भ निरोध के अपरिवर्तनीय तरीकों की विशिष्ट भारतीय समस्याओं को भी उजागर करते हैं। खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी सर्जरी के दौरान जटिल समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बनता है। एक बड़ा आघात यह भी होता है कि अगर सर्जरी से महिला बच जाती है तो वह अपने बच्चों को खो देती है और अब उसे और बच्चे नहीं हो सकते। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मार्च 2018 में लोकसभा में बताया था कि वर्ष 2014-2017 में नसबंदी के बाद कुल 358 मौतें हुईं। मंत्री ने लोकसभा को बताया कि 'भारत सरकार द्वारा प्रकाशित नसबंदी सेवाओं में मानक और गुणवत्ता आश्वासन-2014 में निर्धारित मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इन्हें नसबंदी प्रक्रियाएं करते समय सेवा प्रावधान में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और सेवा प्रदाताओं को उपलब्ध कराया गया है।' सिर्फ आंकड़ों के संदर्भ में देखें तो एनएफएचएस-3 से एनएफएचएस-5 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नसबंदी (वर्तमान में विवाहित महिलाओं के प्रतिशत के रूप में) राजस्थान में 32.2 प्रश से बढ़कर 44.5, बिहार में 22.6 से 35.3, छत्तीसगढ़ में 39.8 से 47.6, झारखंड में 19.8 से 37.4 और मध्य प्रदेश में 46.9 से बढ़कर 55.7 फीसदी हो गई है। हाल के तीन घटनाक्रमों ने संभवतः नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है। दूसरा, गांवों में स्मार्टफोन और उच्च कनेक्टिविटी की पहुंच ने ग्रामीणों की आकांक्षाओं को बढ़ा दिया है। गांव में होने वाली शादियों में डीजे बजाना, जन्मदिन मनाना, ग्रामीण लड़कियों का बदलता पहनावा इसके उदाहरण हैं। शहरों में छोटे परिवारों के आकार और जीवन शैली को भी ग्रामीण परिवार नोट कर रहे हैं तथा इसे खुद अपनाने को तैयार हैं। नसबंदी की संख्या बढ़ाने में योगदान देने वाला तीसरा कारक काम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पुरुषों के प्रवास की बढ़ती प्रवृत्ति है। दक्षिणी राजस्थान में ही करीब 70 प्रतिशत परिवारों में कम से कम एक पुरुष सदस्य आजीविका के लिए गुजरात या महाराष्ट्र अथवा किसी और राज्य के शहरों में पलायन करता है। पति की अनुपस्थिति में महिलाओं के लिए बच्चों का पालन-पोषण करना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इन हालातों में नसबंदी ऑपरेशन हर किसी के लिए हालातों पर एक जीत जैसा लगता है। प्रसूति विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ऑपरेशन अंतिम विकल्प होना चाहिए क्योंकि ऑपरेशन के लिए शरीर को खोलने के अपने जोखिम हैं इसलिए अन्य उपलब्ध तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए जो सुरक्षित हैं। महिला नसबंदी से जटिलताएं और मौतें असामान्य नहीं हैं लेकिन ये घटनाएं इस विधि का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या को प्रभावित नहीं करतीं। शायद उन्हें नसबंदी करने के लिए उचित प्रोत्साहन के साथ लुभाया जाता है। फिर भी हम इस समस्या से भाग नहीं सकते। भारत में जनसंख्या नियंत्रण का पूरा बोझ महिलाओं द्वारा वहन किया गया है और अभी भी वहन किया जा रहा है। यह बोझ विशेष रूप से नसबंदी के मामले में है। पिछले दस वर्षों का सच यही है जो सरकार के एनएचएफएस 2005-2006 से एनएचएफएस 2015-2016 के सर्वेक्षण में दिखाई दे रहा है। गर्भधारण रोकने के लिए आज कई विकल्प उपलब्ध हैं इसलिए महिलाएं ट्यूबेक्टोमी के लिए 'ना' कह सकती हैं। अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) जैसे कॉपर-टी या अन्य हार्मोनल उपकरण लंबी अवधि के लिए प्रभावी हैं। ये लगभग स्थायी विधि की तरह काम करते हैं। महिलाओं के लिए इनका एक या दो बार उपयोग करना पूरे प्रजनन चक्र में गर्भावस्था को रोकने के लिए पर्याप्त हो सकता है। इस प्रकार यह एक स्थायी विधि के रूप में भी कार्य करता है। जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नियमित रूप से नहीं खुलते हैं, डॉक्टर और नर्स पूरी तरह से मौजूद नहीं हैं और लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर बहुत कम भरोसा है वहां जन्म दर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नसबंदी एक निश्चित तरीका है।

विकल्प उपलब्ध कराने और सुझाने के लिए हमारे डॉक्टरों तथा नर्सों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होगी। इन तरीकों को उपलब्ध कराने और इन विभिन्न तरीकों से जुड़े भय एवं मिथकों को दूर करने के लिए लोक संवाद बढ़ाना होगा। इस मामले में कॉपर-टी एक उदाहरण है जिसके बारे में एक आम डर यह है कि 'यह पेट में ऊपर जाएगा।' इस भय पर काबू पाने के लिए महिलाओं के डर को सुनने और स्वीकार करने की आवश्यकता होगी तथा महिलाओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि ये भय निराधार क्यों हो सकते हैं। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सातों दिन और चौबीसों घंटे खुला रखने और वहां स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूद रहने की आवश्यकता होगी ताकि वे अन्य तरीकों के उपयोग से होने वाले रक्तस्राव व पेट दर्द जैसे किसी भी दुष्प्रभाव का प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें।

# घोसी उपचुनाव में भाजपा की हार पार्टी के लिए सबक भी है और चेतावनी भी

**अशोक भाटिया**





**देश** में 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर हाल ही में उपचुनाव हुआ जिसमे से 4 पर इंडिया गठबंधन की व 3 पर एनडीए की जीत हुई पर देश में सबसे ज्यादा दिलचस्पी घोसी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर थी। उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में इंडिया के घटक दल समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है। सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने एनडीए के घटक दल भाजपा के दारा सिंह चौहान को 42,759 वोटों से हराया। इसी के साथ समाजवादी इस सीट को बचाने में कामयाब रही। 2022 के उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में यहां समाजवादी ने ही जीत दर्ज की थी। तब भाजपा से इस्तीफा देकर समाजवादी में आए दारा सिंह चौहान को पार्टी ने टिकट दिया था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विजय राजभर को हराया था।इसके लगभग एक साल बाद समाजवादी और विधायकी पद से दारा सिंह चौहान ने इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। ऐसे में घोसी सीट पर एक बार फिर से चुनाव हुआ। इसमें भाजपा ने जहां दारा सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया तो समाजवादी ने सुधाकर सिंह को टिकट दिया था। सुधाकर सिंह ने पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए दारा सिंह चौहान को करारी शिकस्त दे दी। घोसी उपचुनाव में हार कहीं न कहीं भाजपा और एनडीए गठबंधन के लिए झटका है। वहीं इंडिया गठबंधन को लिए बड़ी सफलता कही जा सकती है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच एक तरीके से यह पहला चुनावी मुकाबला था। इस उपचुनाव में दारा सिंह चौहान को एनडीए गठबंधन में शामिल अपना दल (सोनेलाल), निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) पार्टी और पूर्व समाजवादी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का समर्थन मिल रहा था।

दूसरी ओर समाजवादी उम्मीदवार सुधाकर सिंह को विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के घटक दलों कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (भाकपा-माले)-लिबरेशन और सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी से समर्थन मिला था। बहुजन समाज पार्टी (बसमाजवादी ) ने उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था।

आंकड़ों के मुताबिक इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा 90 हजार दलित मतदाता हैं। क्षेत्र में करीब 90 हजार मुस्लिम मतदाता बताए जाते हैं। पिछड़े वर्ग में 50 हजार राजभर, 45 हजार नोनिया चौहान, करीब 20 हजार निषाद, 40 हजार यादव, 5 हजार से अधिक कोइरी और करीब 5 हजार प्रजापति वर्ग के वोट हैं। अगड़ी जातियों में 15 हजार से अधिक क्षत्रिय, 20 हजार से अधिक भूमिहार, 8 हजार से ज्यादा ब्राह्मण और 30 हजार वैश्य मतदाता हैं।

इस हार जीत के कई कारण है जिसमें से प्रमुख कारणों में कुछ खास हम आपको यहाँ गिनवा देते है , पहली योगी सरकार में दारा सिंह कैबिनेट मंत्री थे और उनके पास वन एवं पर्यावरण जैसा महत्वपूर्ण विभाग था। लेकिन 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले दारा सिंह चौहान पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में चले गए।समाजवादी पार्टी की सरकार न बनने से निराश दारासिंह फिर भाजपा में आ गए।आने के कुछ ही दिन बाद उन्हें भाजपा ने घोसी से टिकट दे दिया। दरअसल यह सब इतनी जल्दी में हुआ कि दारासिंह के समर्थक आम जनता को यह पता ही नहीं चल पाया कि कब वह समाजवादी पार्टी से भाजपा में आ गए। कुछ लोग तो यहाँ तक कह रहे थे कि अबकि बार समाजवादी पार्टी का मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही हो रहा है । 2009 में दारा सिंह ने बसपा से चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे।पर 2014 में समाजवादी के टिकट पर लोकसभा पहुंचने से वंचित रह गए।देश के सियासी तापमान को भांपने में माहिर दारा ने 2015 में भाजपा ज्वाइन कर लिया।2017 के चुनाव में पार्टी ने मधुबन विधानसभा से टिकट दिया और विधायक ही नहीं मंत्री भी बने।2022 में सियासी तापमान भांपने में गलती हो गई।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला

**- पी.सुधीर**

**एक राष्ट्र एक चुना**व के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा। नरेंद्र मोदी राज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे को लागू करके संसदीय लोकतंत्र और संघवाद पर दोहरा हमला शुरू करना चाहता है। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। संदर्भ की शर्तें यह स्पष्ट करती हैं कि समिति का काम सिर्फ यह सिफारिश करना है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को कैसे लागू किया जाये, और कानूनी और संवैधानिक कदम कैसे उठाये जायें। समिति से वही करने की उम्मीद की जा सकती है जो सरकार चाहती है क्योंकि इसे इस उद्देश्य के लिए चुना गया है और इसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। जब से भाजपा 2014 में सत्ता में आई है उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने 2020 में कहा था कि यह 'बहस का विषय नहीं बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है'। भाजपा नेता एक साथ चुनाव की आवश्यकता पर घिसे-पिटे तर्क दे रहे हैं कि- इससे बार-बार चुनावों के कारण होने वाले बहुत सारे खर्च बच जाएंगे; बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं इत्यादि।

मोदी के सत्ता में आने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर तीन समितियां बनी हैं। 2015 में, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने इस मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2017 में, नीति आयोग ने 'एक साथ चुनाव का विश्लेषण' पर अपने चर्चा पत्र में प्रस्तावों का एक सेट बनाया और अगस्त 2018 में, विधि आयोग ने एक साथ चुनावों पर अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रकाशित की। उन सभी ने मौजूदा राज्य विधानसभाओं में से कुछ का कार्यकाल छोटा करने या कुछ का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनका लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सके। कुछ लोगों ने पांच साल की अवधि में केवल दो बार चुनाव कराने का सुझाव दिया है - एक सेट लोकसभा और आधी राज्य विधानसभाओं के साथ और दूसरा मध्यावधि में बाकी विधानसभाओं के साथ।

# पानी को सहेजने की परम्परा

**राजकुमार सिन्हा**

**पानी सरीखे बुनियादी** संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्त्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए। धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा (390 लाख घन किलोमीटर) साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है। इस साफ पानी का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा धरती के ऊपर और लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा धरती के नीचे विभिन्न गहराइयों में मिलता है। भारत की धरती पर पानी की मात्रा 4000 लाख हेक्टेयर मीटर आंकी गई है तथा भूजल भंडार की मात्रा 396 लाख हेक्टेयर मीटर है। इस सबके बावजूद जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व में लगभग तीन अरब लोग जल संकट की चपेट में हैं। 'नीति आयोग' के अनुसार 2030 तक भारत के 40 प्रतिशत लोगों की पहुंच पीने के पानी तक नहीं होगी। देश में 15 वर्ष पहले 15 हजार नदियां और 75 साल पहले 30 लाख कुएं, तालाब और झील थे जिनमें से 4500 नदियां सूख गई और 20 लाख कुएं, तालाब और झील गायब हो गए। पाताल में प्रतिवर्ष जा रहे 120 घन किलोमीटर भूगर्भीय जल के बदले प्रतिवर्ष लगभग 190 घन किलोमीटर जल निकाला जाता है। यानि वर्षा आदि से भूमि के अंदर जाने वाले और निकाले जाने वाले पानी में 70 घन किलोमीटर का अंतर रह जाता है। मध्यप्रदेश में हर साल भूजल करीब 4 इंच नीचे जा रहा है। पिछले 10 साल में 40 इंच यानि सवा तीन फीट तक नीचे जा चुका है। यह इसलिए कि पानी क्षमता से ज्यादा निकाला जा रहा है, लेकिन रीचार्जिंग पर ध्यान नहीं है, जबकि प्रदेश की जमीन में 75 लाख घन मीटर (एमसीएम) पानी को समाने की क्षमता है। भारत की जलनीति में पानी के उपयोग की प्राथमिकताओं का उल्लेख तो है, परन्तु विभिन्न कामों में लाए जाने वाले पानी की सीमाओं का उल्लेख नहीं है। नतीजे में हर साल करीब 90 खरब लीटर पानी बिना उपयोग के बह जाता है। भूजल विशेषज्ञ जॉन शेरी (2020 के 'स्टॉकहोम वाटर प्राइज' के विजेता) के शब्दों में 'भूजल पृथ्वी की रक्षा प्रणाली है।' जाहिर है, ऐसे में प्रकृति के प्रसाद की तरह मुफ्त मिलने वाला पानी बिकाऊ माल में तब्दील हो रहा है। पीने के पानी का कारोबार 1.80 लाख करोड़ रुपए का हो गया है जो अगले कुछ सालों में 4.5 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। बोतलबंद पानी में सर्वाधिक 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले बिसलेरी की है।



जैसे-जैसे बोतलबंद पानी का बाजार बढ़ रहा है, कम्पनियां भूजल दोहन, भूमि उपयोग, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन आदि को प्रभावित कर रही हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे पूर्वज पानी के मामले में लापरवाह थे। गोंडकाल में अधिकांश लोगों की आजीविका का आधार खेती और उससे जुड़ी सहायक गतिविधियां थीं, लेकिन गोंड राजाओं द्वारा बनाए गए अधिकांश तालाब नहर-विहीन थे। इसका मतलब है कि तालाबों का उपयोग आधुनिक तरीके से खेतों की सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि मुख्यतः नमी और भूजल स्तर बढ़ाने, जलवायु का संतुलन कायम रखने, पेयजल स्त्रोतों को भरोसेमंद बनाए रखने,आजीविका (मछली, सिंघाडा, कमलगटटा और खेती) को स्थायित्व प्रदान करने के लिए होता था। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर और दमोह जिलों की गहरी काली मिट्टी में नमी संचित करने और इसी आधार पर रबी में बिना सिंचाई बढ़िया फसल लेने की देशज व्यवस्था प्रचलित थी। कहते हैं कि पौराणिक राजा विराट ने मण्डला जिले के मवई इलाके में अधिकांश तालाब बनवाए थे। इस मामूली से कस्बे में 150 तालाबों का जिक्र तो अंग्रेजों के गजेटियर में भी मिलता है। बैगाओं की खास जीवन शैली, खेती- पाती और समाज व्यवस्था को देखते हुए अंग्रेजों ने 19 वीं शताब्दी में उन्हें एक खास इलाका 'बैगाचक' बनाकर उसमें बसाया था। बैगा एक तरह से घुमंतू समाज के लोग रहे हैं इसलिए पानी का उनका साधन हर साल नदी-नालों के किनारे झिरिया खोदकर ही रहा है। इन झिरियों के किनारे ही बैगाओं की संस्कृति, समाज फला-फूला है। भारतीय संविधान में पानी के मामले में केन्द्र और राज्य सरकारों के दायित्वों को रेखांकित किया गया है और अन्तराज्यीय नदियों के संचालन एवं विकास का उल्लेख किया गया है, परन्तु इस पूरी इबारत में समाज का कोई उल्लेख नहीं है। इसी तरह जलनीति में पानी के उपयोग का नियोजन और क्रियान्वयन की प्राथमिकताओं का जिक्र है पर इसमें से समाज गायब है। अर्थव्यवस्था में भूमंडलीकरण के बाद 1999 में विश्वबैंक ने भारत में पानी के परिदृश्य पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत आने वाले दिनों में जल प्रबंधन की चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकेगा। इसलिए आवश्यक है कि वह विश्वबैंक द्वारा सुझाई तकनीक का पालन करे। लोग मानते हैं कि भारत की 'राष्ट्रीय जलनीति 2002' में निजीकरण का उल्लेख विश्वबैंक की इसी रिपोर्ट के बाद आया। विश्वबैंक जैसी अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों के प्रभाव में दुनियाभर में नीतिगत बदलाव हुए हैं। भारत में भी तकनीकी सहायता के कारण जलक्षेत्र में बड़े नीतिगत बदलाव किए गए हैं ।

# मोदी कर रहे जी 20 की अगुवाई

## वैज्ञानिकों ने देश का नाम किया ऊंचा : सांसद आरके सिंह पटेल , मेरी माटी मेरा कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मानिकपुर विधानसभा के रामनगर ब्लाक के गोबरौल, उफरौली, बरिया में सांसद आरके सिंह पटेल ने परिवार के आंगन में मिट्टी अमृत कलश में एकत्र कराकर अभियान की जानकारी दी।

शनिवार को आजादी के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये अभियान पूरे देश में चला रहे हैं। भारत माता की आजादी को प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने ग्रामीणों से कहा भारत देश जी 20 की अगवाई कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री मोदी की अगवाई में देश के वैज्ञानिक चंद्रयान 3 का सफल परीक्षण कर विश्व पटल पर देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। देश में आजादी के 75 वर्षों बाद प्रत्येक गांव में शहीदों के नाम पर शिलापटक लगाकर देश के लिए प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को मोदी श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

सांसद आरके सिंह पटेल ने तीनों गांवों में शिलापटल का लोकार्पण किया। अमृत सरोवर के किनारे 75 वृक्षों को रोपित किया। अमृत काल



पर पंच प्रण की शपथ दिलाई। विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुट, नागरिकों के कर्तव्य का भाव की शपथ सभी ने ली। सांसद पटेल ने बताया कि गांव से एकत्र मिट्टी से ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण होगा। देश की राजधानी दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा आठ हजार पेड़ो से अमृत वाटिका बनेगा। कार्यक्रम में नगर ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष संजय सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हर्ष मिश्रा, शिवाकांत पांडे, मोहित मिश्रा, पुष्पराज मिश्रा, मुन्नालाल प्रजापति, राम खेलावन, प्रधान गुबरौल छोटेलाल यादव, प्रधान उफरौली प्रेम शंकर द्विवेदी, विद्या विलास पाण्डेय, जागेश्वर प्रसाद, विजय शंकर, सेक्टर संयोजक सावित्री देवी, प्रधान बरिया विक्रम वर्मा, अनंतराम, नागेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने आबकारी अधिनियम के वारंटी रघु सोनकर पुत्र बाबा सोनकर निवासी तहसील के पीछे को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह व सिपाही अंकित शुक्ला शामिल रहे।

### आरके सिंह मेडिकल कॉलेज ने मना पोषण सप्ताह




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आरके सिंह मेडिकल कॉलेज में पोषण सप्ताह के तहत पोषण जागरूकता अभियान व संतुलित आहार पर चर्चा हुई। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन भी किया। डायरेक्टर सुशील पटेल के निर्देश में स्वास्थ्य केंद्र के तहत आरके सिंह मेडिकल कॉलेज बांदा-चित्रकूट सांसद व डॉ खेमचंद्र की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ।

शनिवार को डायरेक्टर सुशील पटेल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से जागरूकता फैलती है। बच्चों का ज्ञान मिलता है। हमारे आहार में सभी विटामिन, मिनरल, प्रोटीन की बराबर मात्रा होनी चाहिए। डॉ खेमचंद्र सिंह, प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि भोजन के विकल्पों को दिलचस्प बनाये रखने को ऐसी चीजें खायें जो लम्बे समय तक तृप्त रखती हैं। पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। जो बिना विचलन के लचीले आहार के साथ ट्रैक पर रहने की अनुमति देते हैं। इस मौके पर महेंद्र सिंह, बृजेश शुक्ला, राहुल ठाकुर, दिनेश सिंह, शमवेद मिश्रा, पारुल यादव, पार्वती यादव, खुशबू सिंह, नेहा सिंह, पूजा सिंह, दीक्षा जैन, मेडिकल विभाग के छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

### एएसपी ने न्यायालय की जांची सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने न्यायालय परिसर का भ्रमण कर लोक अदालत दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने की गरज से ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी को दिशा निर्देश दिये।

शनिवार को लोक अदालत की सुरक्षा को पुलिस क्षेत्राधिकारी एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर न्यायलय परिसर में संदिग्ध वस्तुओं/लोगों की जांच की।

### दुष्कर्म आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित कंचन पुत्र स्व प्रेमचंद निवासी तमोलिया मोहल्ला टिटिहरा रोड भरतकूप को गिरफ्तार किया है। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द, सिपाही भास्कर शुक्ला शामिल रहे।

### युवक ने की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के अरछा-बरेठी गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या की ये घटना शुक्रवार को देर शाम हुई। बताया गया कि पहाडी थाने के अरछा-बरेठी गांव के विजय (20) ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अन्दर अटारी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने सवेरे देखा तो होश उड गये। आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतक की सात महीने पहले शादी हुई थी। घटना से मृतक की पत्नी आशा एवं परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा है।

### पुलिस ने बीस क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय की टीम ने जयनारायण पुत्र मुन्नीलाल निवासी डांडी अहिरान मजरा चुरेह केसरुवा को बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय, सिपाही विमलेश शामिल रहे।

### रैली में पहुंच सोई सरकार को जगायें : कमलेश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय ने पुरानी पेंशन शंखनाद रैली रामलीला मैदान नई दिल्ली को समर्थन पत्र जारी कर शिक्षकों-कर्मचारियों से शत-प्रतिशत तादाद में एक अक्टूबर को दिल्ली पहुंचने की अपील की है।

शनिवार को उन्होंने प्रदेश संयुक्त मंत्री व इटावा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने जिले के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों से रैली में हिस्सा लेने की अपील की है। कहा है कि अटेवा ने चार सितम्बर को जारी पत्र में पेंशन बचाओ रैली के समर्थन की मांग की है। पेंशन को लगातार पूरे देश एवं प्रदेश में आंदोलन हो रहे हैं। नतीजतन कई राज्यों में पेंशन बहाल की गयी। एक अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल पेंशन बचाओ रैली का शंखनाद किया गया है। संगठन रैली का पूरा समर्थन करता है। संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षक कर्मचारियों से अपील है कि अपने हक को केन्द्र की सोई सरकार को जगाने को सभी लोग रामलीला मैदान में पहुंचकर रैली को सफल बनाये। जिस तरह से सभी राजनीतिक दल के सदस्य अपनी पेंशन और वेतन को एकजुट होकर आवाज उठाते हैं, उसी प्रकार से सब लोग एकजुट होकर अपने अधिकार को रैली में पहुंचकर रैली को सफल बनायें। अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन पुरानी पेंशन की मांग का समर्थन करता है। एक अक्टूबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में अटेवा के पुरानी पेंशन बहाली महारैली का पूर्ण समर्थन करता है। ये चुनावी वर्ष है। सभी शिक्षक-कर्मचारियों से अपील है कि रैली में पहुंचकर सोई सरकार को जगाने का काम करें।

### एएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्यायें



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी व थाना सरधुवा में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना पहाडी व सरधुवा में समाधान दिवस में भूमि विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। कहा कि थाना समाधान दिवस में आई समस्याओं का शासन से समीक्षा होती है। समस्याओं को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। निस्तारित समस्याओं के बारे में पीडित को भी अवगत करायें। इस मौके पर पहाड़ी में प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार नागर व सरधुवा में प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह व राजस्व तथा पुलिस विभाग के लोग मौजूद रहे।

## देश की वृद्धि-समृद्धि के लिए है सहकार भारती: नरेन्द्र उपाध्याय

### सहकार भारती की दो दिवसीय बैठक का पहला दिन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उद्यमिता विद्यापीठ के विवेकानंद सभागार में सहकार भारती उप्र के दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ कामदगिरि प्रमुख द्वार के संत मदन गोपालदास ने दीप जलाकर किया। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि समेत सहकार भारती के सभी सदस्यों का स्वागत किया।




शनिवार को संत मदन गोपाल दास महाराज ने कहा कि चित्रकूट से जो भी संकल्प लिया जाता है वह हमेशा सिद्ध होता है। भगवान राम ने भी चित्रकूट में संकल्प लिया था और भगवान की कृपा सहकार भारती पर हमेशा बनी रहे। उन्होंने कहा कि सहकार भारती देश की वृद्धि समृद्धि को सनातन काल से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष से हमेशा सफलता मिलती है। संगठन का काम सभी को जोड़ना और सभी को जोड़कर राष्ट्र को समृद्ध करना है। सहकार भारती के लोग देश-समाज के लिए चिंतन मनन कर रहे हैं। यही संदेश जाये कि सारी गतिविधियां सनातन और राष्ट्र को समर्पित रहे। राष्ट्रीय मंत्री सुनील गुप्ता ने कहा कि सहकार भारती के कार्यकताओं का उत्साह है। कार्यकर्ता राष्ट्र के पुनर्निर्माण को गैर सरकारी संगठन से जुड़े कार्यकर्ता हैं। सहकार भारती देश की वृद्धि-समृद्धि को कार्य करता है। जिस तरह का कार्य दूसरा कोई नहीं कर रहा, बिना संस्कार के नहीं सहकार मोदी को संस्कार मिले। वह विश्व में डंका बजाए हैं। सहकारिता का विषय कृषि मंत्रालय के तहत आने से सुधार नहीं हो पाता था। सरकार ने सहकारिता मंत्रालय बनाया। अमित शाह को इसका जिम्मा दिया। अमित शाह की अगुवाई में सहकारिता विस्तार के प्रयास हो रहे हैं। सहकार भारती के कार्यकताओं से अपेक्षा है कि सहकार भारती की वृद्धि-समृद्धि को कार्य करें। सहकार भारती का कार्य 28 राज्यों छह सौ जिलों में चल रहा है। सहकार भारती का उद्देश्य बैंकिंग एफपीओ स्वयं सहायता समूह सम्मेलन सहकारिता से जुड़े सभी प्रकल्पों और प्रकोष्ठों से देश को समृद्ध बनाना है। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने प्रथम सत्र में आये अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सहकार भारती के सभी साथी जिस ढंग से संघर्ष कर चित्रकूट पहुंचे हैं, वह बेहद उत्साह जनक है। सहकार भारती के दूसरे सत्र में महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों की संरचना क्रियाकलापों की जानकारी विभाग और जिलेवार प्रकोष्ठों के गठन की कार्य योजना सहकार भारती के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दीपक चैरसिया ने ली। सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रमुखों ने बीते तीन महीने में अपने प्रकोष्ठ के लिए किन कार्य योजनाओं पर काम किया है और आगे क्या करने वाले हैं, इस बाबत सभी ने जानकारियां दी। भोजन सत्र के बाद तीसरे सत्र में प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने कार्यकताओं में सहकार भारती के विस्तार और सहकार भारती से जुड़े लोगों को समृद्ध बनाते समय महत्वपूर्ण जानकारियां दी। संगठन की कार्य प्रणाली एवं कार्यकर्ता निर्माण पर विशेष जोर दिया है। शनिवार को सहकार भारती प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सात सत्रों में चर्चा की गई। चैथे सत्र में विभाग वार कार्यकर्ता परिचय, क्रेडिट सहकारी समितियों की उपयोगिता प्रकोष्ठ संगठन संरचना एवं राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता अधिकारी योजना पर जगदीश भट्ट प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख सहकार भारती से प्राप्त किया। प्रदेश प्रमुख मत्स्य प्रकोष्ठ कैलाशनाथ निषाद ने जानकारी दी। इस मौके पर कोमल गुप्ता, महिला प्रमुख श्रीमती मीनाक्षी राय, मनोज द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुप्ता, सहकार भारती के प्रदेश संगठन प्रमुख डा अरुण कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र अवस्थी, अजय राय, हिरेंद्र कुमार मिश्रा, अरूण कुमार सिंह, आसिफ जमाल, अरविंद दुबे, महेंद्र सोनी, प्रदेश संपर्क प्रमुख अशोक कुमार शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, चित्रकूट विभाग संयोजक प्रेम सागर दीक्षित, सह संयोजक सारंगधर मिश्रा, श्रवण कुमार त्रिपाठी, कुलदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश कुमार द्विवेदी, कार्यकर्ता लवकुश सिंह, रामसागर चतुवेर्दी, सुनील कुमार द्विवेदी, प्रेम सागर दीक्षित, बृजेश सिंह, प्रवीण भार्गव आदि मौजूद रहे। ये जानकारी मीडिया प्रमुख ओंकार सिंह ने दी।

### लोकसभा में जीतेगी इंडिया गठबंधन : कुशल सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने केंद्र की मोदी व प्रदेश में योगी सरकार के बढ़ती महंगाई-भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जताई है। कहा है कि भाजपा सरकार ने गैस सिलेंडर में दो सौ रुपये कम किए हैं। गैस सिलेंडर के दाम में पांच राज्यों व 2024 में लोकसभा चुनाव में लाभ पहुंचाने के मद्देनजर जनता को गुमराह करने का काम किया है।

शनिवार को उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में रसोई गैस के दाम बढ़ाकर 31.87 करोड़ लोगों को मोदी सरकार ने लूटा है। जनता की जेब से 833640 करोड़ रुपए से ज्यादा की लूट की है। उज्जवला बहनों से 2020 से भाजपा सरकार ने अनुदान कम कर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। अयोध्या में ट्रेन में महिला पुलिस कर्मी के साथ अमानवीय बर्ताव से जाहिर है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था फेल है। जनता की रक्षा करने वाली पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे सुरक्षित रहेगी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि हापुड़ में सरकार के इशारे पर पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया है। भाजपा सरकार जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है। भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पूरी सरकार घोसी उपचुनाव में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री-विधायक ने ताकत झोंक दी थी, लेकिन जनता ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुधाकर सिंह को विजयी बनाया। आने वाले चुनाव में जनता इंडिया गठबंधन को विजई बनाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हुई मजबूत, डॉ श्वेता ने संभाला कार्यभार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** एक बार फिर तीर्थक्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ को मजबूती देने को महिला रोग विशेषज्ञ डॉ श्वेता मिश्रा ने जिला अस्पताल में बतौर महिला चिकित्साधिकारी कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डॉ श्वेता मिश्रा वर्ष 2013 से 2020 तक जिला चिकित्सालय में कार्यरत रही है। इस दौरान नीट पीजी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के विषय मे सर्जरी के प्रशिक्षण को केजीएमयू लखनऊ में चयन हुआ था। प्रशिक्षण पूर्ण कर पुनः चित्रकूट जिला अस्पताल में आ गई हैं।

शनिवार को अहम बात ये है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद डॉ श्वेता मिश्रा महिला जननांग कैंसर एवं स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में इलाज करने में निपुणता हासिल करके वापस आई है। आते ही जिला अस्पताल में चार बड़े ऑपरेशन करके गरीब जनता को सीधे तौर पर राहत दिया है। फिलहाल डॉ श्वेता मिश्रा की वापसी के बाद महिला रोगों की जटिल समस्याओं का निदान सीधे तौर पर गरीब जनता को मिलेगा। महानगरों की लंबी दौड़ से अब जनता को राहत मिलेगी।

## विद्युत आपूर्ति में मैनपावर की है जरूरत: मुख्य अभियंता

### विद्युत सुधार गोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन बांदा क्षेत्र ने विद्युत व्यवस्था सुधार गोष्ठी आरोग्यधाम परिसर में बतौर मुख्य अतिथि/मुख्य अभियंता बांदा इं सुनील कपूर की मौजूदगी में बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता ट्रांसमिशन झांसी जोन इं जेपीएन सिंह ने कहा कि बांदा-चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा के सभी अवर अभियंता विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करने में आ रही दिक्कतों को सुधारने को सक्रिय हैं। शनिवार को राज्य विद्युत परिषद जूनियर संगठन के अंचल संरक्षक इं डीसी शर्मा, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं आरके त्रिवेदी, राज्य विद्युत परिषद परिषद जूनियर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष इं जयप्रकाश, महासचिव इं जीबी पटेल, दक्षिणांचल के अध्यक्ष इं राजवीर सिंह एवं बांदा जोन के क्षेत्रीय अध्यक्ष इं आशीष




कुमार सिंह की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था सुधार गोष्ठी में चारों जिलों के सभी अवर अभियंता एवं प्रोन्नत अभियंता संगठन के सदस्य मौजूद रहे। विद्युत व्यवस्था सुधार गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करने में आ रही दिक्कतों एवं वर्तमान में विद्युत विभाग एवं राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार के विद्युत व्यवस्था सुधार को वाणिज्यिक एवं तकनीकी तथा व्यवहारिक बिंदुओं पर क्रियान्वयन को चर्चा की गई, ताकि भविष्य में बेहतर विद्युत आपूर्ति समेत न्यूनतम लाइन हानियां तथा एटीएंडसी हानियां कम की जा सके। मुख्य अतिथि इं सुनील कपूर ने सरकार के जारी राजस्व वसूली एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर जोर दिया। फील्ड में आ रही अभियंता एवं सहायक अभियंता के साथ राजस्व वसूली की समस्याओं के मद्देनजर शासन-प्रशासन का सहयोग देने की बात कही। उपभोक्ताओं की जागरूकता को अपील किया। वह अपना विद्युत बिल समय से जमा करें। बिलिंग एजेंसी को भी उपभोक्ताओं को समय से बिल सही उपलब्ध कराने के आदेश दिये। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के केंद्रीय महासचिव इं जीबी पटेल ने जिले के प्रत्येक सबस्टेशन पर मैनपावर की समस्या को लेकर मुख्य अभियंता को अवगत कराया। पिछले दस सालों में उप्र में सौभाग्य योजना के तहत करोड़ कनेक्शन दिए गए, संचालन को मैनपावर की व्यवस्था नहीं हुई। जिले के प्रत्येक उपकेंद्र पर आवश्यकता अनुसार मैनपॉवर काफी कम है, क्योंकि प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन को मैनपॉवर पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए। जिले के सभी सदस्यों ने अपनी समस्याओं से नेताओं को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया है।

## एक करोड इक्यानवे लाख साठ हजार तीन सौ बावन रुपये बतौर जुमार्ना दिलाये

### राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण/उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कृष्ण यादव, अपर जिला जज प्रथम रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट दीप नारायण तिवारी, अपर जिला न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय संजय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, सिविल जज (सीडि) श्रीमती विदुषी मेहा, सिविल जज (जूडि) सुश्री सोनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट



द्वितीय सुश्री शेफाली यादव, सिविल जज (जूडि) मऊ सुश्री संघमित्रा, सुश्री न्याय अधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर खुशबू चन्द्रा की मौजूदगी में लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने 12 वादों का निस्तारण कर 21 सौ रुपये आपसी सुलह-समझौते से दिलाये। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने छह वादों का निस्तारण कर 139000 रुपये समझौते से दिलाये। प्रथम अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने एक वाद का निस्तारण कर पांच सौ रुपए बतौर जुमार्ना वसूला। अपर जिला जज त्वरित न्यायालय संजय कुमार-2 ने 176 वादों का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दूबे ने 726 वादों का निस्तारण कर 98920 रुपए बतौर जुमार्ना वसूले। सिविल जज (सीडि) श्रीमती विदुषी मेहा ने 40 वादों का निस्तारण कर 1730 रुपये जुमार्ना एवं एक वाद 138 का निस्तारण कर एक लाख रुपये वादी मुकदमा को दिलाया।

## पाकिस्तान में पुलिस ने तोड़ी मस्जिद

**पंजाब प्रांत।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शाहदरा टाउन में पुलिस ने अहमदी समुदाय की मस्जिद के मेहराब को नष्ट कर दिया। हाईकोर्ट ने अल्पसंख्यक समुदाय के 1984 से पहले बने पूजा स्थलों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## नेपाली कांग्रेस के महासचिव पर हमले के खिलाफ प्रदर्शन

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस की युवा शाखा के सदस्यों ने पार्टी के संयुक्त महासचिव महेंद्र यादव पर बुधवार को हुए हमले को लेकर देश के गृह मंत्री के विरोध में मार्च निकाला। यादव पर हुए हमले के बाद से वह अस्पताल में भर्ती हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने पर गृह मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ के इस्तीफे की मांग को लेकर युवा शाखा के लोग सड़कों पर उतर आए। यादव के सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी है, जिनका बीर अस्पताल में इलाज जारी है।

## चीन-हांगकांग में 140 साल में सर्वाधिक बारिश, कई शहर डूबे

**हांगकांग।** हांगकांग में मूसलाधार बारिश ने 140 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारी बारिश के चलते सड़कें, शॉपिंग मॉल व मेट्रो स्टेशन जलमग्न हो गए। सैकड़ों लोग प्रभावित होने के साथ दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चीन के शेनजेंग में हाइकुई तूफान के चलते भीषण बारिश हुई। 1952 के बाद हुई जोरदार बारिश के चलते सभी स्कूल, कई मेट्रो स्टेशन और दफ्तरों को बंद कर दिया गया। हांगकांग में बाढ़ के चलते सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

## अमेरिका में 60 करोड़ डॉलर के अवैध लेनदेन में पांच गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 60 करोड़ डॉलर के अवैध लेनदेन के आरोप में चार भारतीय-अमेरिकी नागरिकों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप आर. सेलिंगेर ने बताया कि गिरफ्तार भारतीय-अमेरिकियों में राज वैद्य (26), राकेश वैद्य (51), श्रेय वैद्य (23) और नील पटेल (26) शामिल हैं तथा ये सभी न्यूजर्सी के एडिसन के निवासी हैं। अमेरिकी अटॉर्नी के मुताबिक, मामले में गिरफ्तार पांचवां व्यक्ति यूसुफ जैंफर (57) है, जो न्यूयॉर्क के ग्रेट नेक क्षेत्र का रहने वाला है। इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने ग्राहकों से करोड़ों डॉलर का गैरकानूनी वित्तीय लेनदेन किया।

## तनाव के बीच रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में चुनाव शुरू

**मास्को।** रूस अपने कब्जे वाले यूक्रेनी इलाकों में चुनाव करा रहा है। इसके लिए मतदान शुरू होकर रविवार तक चलेगा। इन क्षेत्रों में अभी भी रूस का पूरी तरह से नियंत्रण नहीं है। रूस के कब्जे वाले इन क्षेत्रों में दोनेस्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जपोरिझिया शामिल हैं। इस चुनाव का अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने विरोध जताया है। उधर, अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 60 करोड़ डॉलर का नया सहायता पैकेज घोषित किया है। इसके तहत उसे गोला-बारूद भी दिया जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के गृह नगर पर शुक्रवार को हुए रूसी हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि 52 लोग घायल हो गए।

## जिसने किया था तालिबान की नाक में दम! भारत को अमेरिका देगा MQ-9 Drone

**वाशिंगटन।** अमेरिका का सबसे घातक एमक्यू 9 प्रीडेटर ड्रोन जिसने अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकियों के खिलाफ जमकर तबाही मचाई थी। आसमान का वही जाबांज जिससे अमेरिका ने अलकायदा के आतंकी अलजवाहिरी तक को मार गिराया था। यही ड्रोन अब भारत की ताकत बनने जा रहा है। एलएसी से एलओसी तक ये भारत के आसमान की निगरानी करेगा। जरूरत पड़ी तो ये कई हजार फीट की ऊंचाई से भी दुश्मनों को बिना अपनी मौजूदगी का अहसास कराए मिसाइल वाला जवाब देगा। भारत को अमेरिका से एक-दो नहीं 31 एमक्यू 9 प्रीडेटर ड्रोन मिल सकते हैं। कुछ महीनों के अंदर ये दो खरब 57 अरब की डील पूरी हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए अमेरिका को लेटर भी भेज दिया है। अमेरिका के रीपर ड्रोन को लेकर बात आगे बढ़ गई है। जेट इंजन तकनीक की ट्रांसफर पर भी चर्चा हुई है। अमेरिका से भारत 16 स्काई ज्ञ गार्डियन और 15 सी- गार्डियन ड्रोन ले रहा है। इससे भारत की आर्म्ड फोर्सेस की इंटेलिजेंस क्षमता और निगरानी रखने की क्षमता बढ़ेगी। इसमें से 15 ड्रोन इंडियन नेवी को, 8 ड्रोन इंडियन आर्मी को और 8 ड्रोन एयरफोर्स को मिलेंगे।

## कनाडा में नहीं थम रहे भारत विरोधी सुर, अब खालिस्तान के लिए हो रहा जनमत संग्रह

**वैंकूवर।** कनाडा में भारत विरोधी सुर थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन हिंदू धार्मिक स्थलों पर हमलों के बाद अब खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह हो रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडा के वैंकुवर में 10 सितंबर को गुरुनानक सिख गुरुद्वारा में इस जनमत संग्रह के लिए लोगों को जुटाने की मुहिम चल रही है। इसी गुरुद्वारे के अध्यक्ष खालिस्तान रेफरेंडम के कनाडाई चैप्टर के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को हत्या कर दी गई थी। जनमत संग्रह से जुड़े लोगों का कहना है कि 2021 में यूके के क्वीन एलिजाबेथ सेंटर में शुरू




किए गए ये जनमत संग्रह दुनिया भर के दो दर्जन से अधिक शहरों में आयोजित किए गए हैं। जनमत संग्रह मतदान ब्रिटेन के पांच शहरों के साथ-साथ फ्रांस, इटली, स्विट्जरलैंड और कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के तीन-तीन शहरों में हुआ है।

## नैंसी पेलोसी का एलान- 2024 में फिर लडूंगी चुनाव, सदन में बहुमत हासिल करने के लिए काम कर रहे डेमोक्रेट

**वाशिंगटन।** प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा कि वह कांग्रेस (संसद) में एक और कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ेंगी, क्योंकि डेमोक्रेट्स 2024 में बहुमत हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को क्षेत्र के जिले में लेबर्स सहयोगियों के सामने यह घोषणा की, जिसका उन्होंने 35 से अधिक वर्षों से प्रतिनिधित्व किया है। पेलोसी ने एक ट्वीट में कहा, हमारे शहर को अब पहले से कहीं अधिक सैन फ्रांसिस्को के मूल्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारे देश को अमेरिका की जरूरत है जो दुनिया को दिखाए कि सभी के लिए स्वतंत्रता और न्याय के साथ हमारा झंडा अभी भी है। यही कारण है कि मैं फिर



से चुनाव लड़ रही हूं और सम्मानपूर्वक आपकी वोट मांगती हूं। उन्हें 1987 में पहली बार कांग्रेस के लिए चुना गया था। डेमोक्रेट नेता ने 2007 में पहली महिला स्पीकर बनकर इतिहास रचा था। इसके बाद 2019 में वह फिर स्पीकर बनी थीं।पेलोसी ने अपनी विधायी उपलब्धियों के जरिए पार्टी का नेतृत्व किया, जिसमें किफायती देखभाल अधिनियम का पारित होना, साथ ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो खिलाफ दो हंगामेदार महाभियोग भी शामिल हैं। इस घोषणा ने लंबे समय से सेवारत नेता के लिए सेवानिवृत्ति की किसी भी चर्चा को शांत कर दिया है, जो एक प्रभावशाली नेता, महत्वपूर्ण पार्टी व्यक्ति और डेमोक्रेट्स के लिए विशाल धन जुटाने वाले नेता बने हुए हैं।

## मोरक्को में भूकंप से 296 लोगों की मौत, आंतरिक मंत्रालय ने कहा- बढ़ सकता है आंकड़ा

**रबात।** मोरक्को में देररात हाई एटलस पहाड़ियों पर आए शक्तिशाली भूकंप से बड़े पैमाने पर क्षति हुई है। 296 लोगों के प्राण पखेरू उड़ गए। तमाम इमारतें नष्ट हो गई हैं। प्रमुख शहरों के लोगों को अपने घरों को छोड़ना पड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स में मोरक्को के आंतरिक मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि प्रारम्भिक सूचनाओं के मुताबिक 296 लोगों की मौत हुई है और 153 लोग घायल हुए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर मौतें पहाड़ी इलाकों में हुई हैं, जहां तत्काल पहुंचना मुश्किल था।रिपोर्ट्स में भूकंप के केंद्र के करीबी बड़े शहर मराकेश के लोगों के हवाले से कहा गया है कि पुराने शहर में कुछ इमारतें ऐसी ढह गई हैं, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल हैं। एक स्थानीय टेलीविजन ने गिरी हुई मस्जिद की मीनार और क्षतिग्रस्त कारों पर पड़े मलबे के फुटेज दिखाए हैं।

आंतरिक मंत्रालय ने मृतकों की संख्या पर टेलीविजन पर



प्रसारित अपने बयान में शांति का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि भूकंप ने अल हौज, उआरजाजेट, मराकेश, अज़ीलाल, चिचौआ और तारौदंत प्रांतों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है।

भूकंप के केंद्र के पास असनी के पहाड़ी गांव के मोंटासिर इतरी ने बताया कि हमारे गांव के अधिकांश घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पड़ोसी मलबे में दबे हैं। ग्रामीण अपने संसाधनों से उन्हें बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

पास के गांव में रहने वाले शिक्षक हामिद अफकार ने कहा कि धरती लगभग 20 सेकंड तक हिलती रही। वह घर की दूसरी मंजिल से नीचे की ओर भागे।दरवाजे अपने आप खुल रहे थे और बंद हो रहे थे।

मोरक्को के भू-भौतिकी केंद्र ने कहा कि भूकंप हाई एटलस के इघिल क्षेत्र में आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.2 थी। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.8 बताई है। उसने कहा है कि यह 18.5 किलोमीटर (11.5 मील) की अपेक्षाकृत उथली गहराई पर था।

## यूरोप में बोले राहुल: अमेरिका, यूरोप और भारत बनाएं चीन के मुकाबले वैकल्पिक व प्रतिस्पर्धी मॉडल

**ब्रसेल्स।** भारतीय विपक्षी दल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी का मानना है कि अमेरिका, यूरोप और भारत को मिलकर चीन के मुकाबले वैकल्पिक व प्रतिस्पर्धी मॉडल बनाना चाहिए। राहुल इस समय एक सप्ताह की यूरोप यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दूसरे दिन बेल्जियम में ब्रसेल्स प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने चीन की गतिविधियों को चुनौती करार दिया। राहुल ने कहा कि चीन एक विशेष दृष्टिकोण पेश कर बेल्ट एंड रोड इनशिएटिव जैसे विचार सामने ला रहा है। चीन ने मूल रूप से यह दिखाया है कि एक जबरदस्ती के माहौल में प्रभावी ढंग से उत्पादन करना संभव है,



जहां आप लोगों को आजादी नहीं देते हैं, जहां आप उनकी स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करते हैं लेकिन आप उन्हें राजनीतिक आजादी के बिना समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चुनौती यह है कि क्या हम एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान कर सकते हैं, जहां हम राजनीतिक और आर्थिक आजादी के साथ लोकतांत्रिक परिस्थितियों में उत्पादन कर सकते हैं। अमेरिका, यूरोप और भारत के बीच बहुत सहयोग हो सकता है और यहीं वह जगह है जहां हमारा बहुत ध्यान जाना चाहिए।

इंडिया बनाम भारत की बहस पर जुड़े सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि हमारे संविधान में जो नाम हैं, वे उनसे पूरी तरह खुश हैं। इंडिया यानी भारत मेरे लिए पूरी तरह से सही लगता है। इस पर हो रही प्रतिक्रियाओं को घबराहट भरा बताकर कहा कि यह ध्यान भटकाने की रणनीति है।

## महाराजा चार्ल्स, प्रधानमंत्री सुनक ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और सेवा की प्रशंसा की। देश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का पिछले साल आठ सितंबर को 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्कॉटिश महल- बाल्मोरल कैसल में चार्ल्स की मां ने अंतिम सांस ली थी। चार्ल्स ने एक बयान में अपनी मां के निधन के बाद उनके और उनकी पत्नी रानी कैमिला के लिए दिखाए गए ''प्यार और समर्थन'' को लेकर लोगों को धन्यवाद दिया। ब्रिटेन के राजनिवास 'बकिंघम पैलेस' ने पूर्व में घोषणा की थी कि शाही जोड़ा इस महत्वपूर्ण अवसर को निजी तौर पर मनाएगा।पुण्यतिथि पर सार्वजनिक कार्यक्रमों के बीच महाराजा के शासन के पहले वर्ष को चिह्नित करने के लिए लंदन के वेस्टमिंस्टर एबे में घंटी भी बजाई जाएगी। चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा, ''महारानी के निधन की पहली पुण्यतिथि और मेरी ताजपोशी के अवसर पर, हम उनके लंबे जीवन, समर्पित सेवा और वह सब कुछ जो हममें से कई लोगों के लिए मायने रखता था, को बड़े स्नेह के साथ याद करते हैं।'' सुनक ने अपने संदेश में दिवंगत महारानी की 70 साल की सेवा के लिए प्रशंसा की और ''कर्तव्य और समर्पण के ऐसे असाधारण जीवन के लिए राष्ट्र की ओर से आभार'' व्यक्त किया।

## भारत यात्रा के दौरान चीन के प्रधानमंत्री से नहीं मिलेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी भारत यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात नहीं करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस ने बाइडन के यात्रा कार्यक्रम में कियांग से मुलाकात की किसी भी संभावना को नकार दिया है।

भारत में नौ व दस सितंबर को आयोजित हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पहुंच रहे हैं। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी शामिल होना था, किन्तु अपनी जगह वे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग को भेज रहे हैं। ली कियांग दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। जो बाइडन ने पहले ही चीन के राष्ट्रपति के जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होने पर निराशा जाहिर



की थी। अब उन्होंने दिल्ली में तीन दिन रुकने के बावजूद चीन के प्रधानमंत्री से न मिलने का फैसला किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने जी-20 शिखर सम्मेलन में बाइडन के एजेंडे से जुड़े सवाल के जवाब में साफ कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का अपनी भारत यात्रा के दौरान चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मिलने का इरादा नहीं है। दरअसल पत्रकारों ने सुलविन से पूछा था चीनी नागरिकों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों में प्रवेश कर लिया है और क्या इस मुद्दे को दिल्ली में उठाया जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि हमारे पास इस समय राष्ट्रपति की चीन के प्रधानमंत्री के साथ बातचीत की कोई योजना नहीं है। राष्ट्रपति जो बाइडन भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद वियतनाम जाएंगे।

## बिलावल की मांग- 90 नहीं तो 120 दिनों के भीतर देश में कराए जाएं आम चुनाव; इमरान खान पर भी साधा निशाना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने आह्वान किया कि यदि देश में संवैधानिक रूप से

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

पीपीपी ने आम चुनावों में किसी भी तरह की देरी का विरोध किया




है। उनका यह बयान पाकिस्तान के चुनाव आयोग की इस घोषणा के एक हफ्ते बाद आया है कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को 30 नवंबर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा, ताकि चुनाव 'जल्द से जल्द' हो सकें।

पिछली सरकार ने अपना कार्यकाल समाप्त होने से कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि चुनाव केवल तभी हो सकते हैं जब नई जनगणना पूरी हो जाए और निर्वाचन क्षेत्र की नई सीमाएं खींची जाएं। पीपीपी गठबंधन सहयोगी थी। इस कदम से यह आशंका पैदा हो गई है कि 90 दिनों के भीतर होने वाले चुनाव में अगले साल तक की देरी हो सकती है क्योंकि परिसीमन प्रक्रिया को पूरा होने में लगभग चार महीने लगेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तारीख की घोषणा की जाएगी। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी आम चुनाव की तारीख की घोषणा करने पर विचार कर रहे हैं और वह अपने कानूनी सलाहकारों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद तारीख का खुलासा कर सकते हैं। खबर में कहा गया है कि राष्ट्रपति अल्वी ईसीपी को एक पत्र भेज सकते हैं, जिसमें चुनाव के लिए नवंबर में एक तारीख का प्रस्ताव दिया जाएगा।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान का जिक्र करते हुए बिलावल ने कहा कि देश पर थोपी गई कठपुतलियों ने नौ मई को संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि हमलों में भाग लेने वालों को सबक सिखाया जाना चाहिए ताकि कोई भी भविष्य में इसे दोहराने के बारे में न सोच सके।

## जी20 के भव्य आयोजन को देख तिलमिलाए पाकिस्तानी, बोले- 'हम परमाणु शक्ति, हमें ही नहीं बुलाया!'

**इस्लामाबाद।** जी20 की अध्यक्षता इस समय भारत के पास है और 9-10 सितंबर को दिल्ली में जी20 के शिखर सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए दुनिया के शीर्ष नेता भारत में मौजूद हैं। इसके चलते पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर लगी हुई हैं। जहां दुनिया में भारत की वाह-वाह हो रही है, वहीं हमारे पड़ोसी देश में कई लोग भारत को मिल रही इज्जत से तिलमिलाए हुए हैं।

बता दें कि पाकिस्तान के एक यूट्यूब चैनल 'रियल एंटरटेनमेंट' पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें एंकर ने पाकिस्तानी जनता के बीच जाकर उनसे भारत में हो रहे जी20 सम्मेलन को लेकर बात की और पूछा कि भारत इतना आगे निकल गया है कि वहां जी20 जैसे सम्मेलन हो रहे हैं और विश्व के शीर्ष नेता भारत में हैं तो पाकिस्तान क्यों पीछे रह गया? इसके जवाब में लोगों ने बड़े दिलचस्प जवाब दिए। एक पाकिस्तानी ने कहा कि हमें बहुत ज्यादा शर्मिंदगी महसूस हो रही




है कि भारत ने हमें जी20 शिखर सम्मेलन का न्योता नहीं दिया जबकि हम परमाणु संपन्न देश हैं। वहीं बांग्लादेश को न्योता दिया गया है! एक अन्य शख्स ने कहा कि - पाकिस्तान गलती से आजाद हो गया, जो लोग उस वक्त बंटवारे का विरोध कर रहे थे, वो लोग सही थे। एक अन्य पाकिस्तानी ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत हमसे बहुत आगे है, भारत वाले कश्मीर में हमसे ज्यादा लोगों को सुविधाएं हैं, उनसे हमारा कोई मुकाबला नहीं है। एक शख्स ने अपने देश के हुक्मरानों की आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान भूखा, नंगा मुल्क है और ऐसे देश से कोई रिश्ते नहीं बनाता। हर देश यही सोचता होगा कि पाकिस्तान पैसे मांगने आया है। भारत से पाकिस्तान का कोई मुकाबला नहीं है, वो चांद पर चले गए और हमारे झगड़े खत्म नहीं हो रहे।'

### जी20 का सदस्य नहीं है पाकिस्तान

बातचीत के दौरान पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के समर्थक ने कहा कि अगर इमरान खान देश के पीएम रहते तो ये जी20 की बैठक पाकिस्तान में होनी थी! हालांकि सवाल कर रहे यूट्यूबर ने उस शख्स को टोका कि पाकिस्तान तो जी20 का सदस्य ही नहीं है तो फिर पाकिस्तान में कैसे जी20 सम्मेलन का आयोजन होता? बता दें कि पाकिस्तान जी20 का सदस्य नहीं है। भारत ने सदस्य देशों के अलावा 9 अन्य देशों को भी विशेष निमंत्रण देकर बुलाया गया है। इनमें बांग्लादेश, मिस्त्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। भारत के पाकिस्तान के साथ संबंध अच्छे नहीं हैं तो संभव है कि इसी वजह से सरकार ने पाकिस्तान को न्योता नहीं दिया।